# फाइलों में दम तोड़ रही शहर में पार्किंग स्थल बनाने की योजना

## वाहनों की पार्किंग के लिए चिन्हित पांच स्थानों पर नहीं हो सका काम, पार्किंग स्थल न होने से सड़कों पर खड़े वाहनों से लगता है जाम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


पार्किंग के लिए चिन्हित स्थान पर लगी फुटपाथ की दुकानें। अमृत विचार


डीसी रोड पर बनाया गया पार्किंग स्थल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद लखीमपुर के क्षेत्र में दोपहिया व चौपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए एक भी पार्किंग स्थल नहीं है। पार्किंग स्थल न होने से शहर में जाम के हालात बने रहते हैं, जिससे लोगों को परेशानियां का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका ने पार्किंग स्थल के लिए पांच स्थानों को चिन्हित किया था, लेकिन यह स्थल अभी तक चालू नहीं हो सके हैं।

शहर में जाम की समस्या काफी लंबे अर्से से चली आ रही है। जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रमुख व्यस्त मार्गों पर चौपहिया व भारी वाहनों की नो-एंट्री की गई है। कुछ मार्गों पर दोपहिया वाहनों के लिए भी नो-इंट्री लागू की गई, लेकिन इसके बाद भी शहरवासियों को जाम से निजात नहीं मिल सकी। इसका सबसे बड़ा कारण शहर में एक भी पार्किंग स्थल का न होना है। कई दुकानें व शॉपिंग कांप्लेक्स बिना पार्किंग के बनाए गए हैं। बाजार में भी तमाम दुकानदार ऐसे हैं, जो दुकानों का सामान सड़कों तक फैला रखते हैं। इससे बाइक आदि खड़ी होने की जगह तक नहीं बचती है। लोग सड़क पर ही बाइक व अपने अन्य वाहन खड़ा कर खरीदारी करते हैं। इससे हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। शहरवासी काफी समय से पार्किंग बनवाए जाने की मांग करते चले आ रहे हैं, लेकिन लेकिन नगर पालिका अभी तक पार्किंग स्थल बनाने में कामयाब नहीं हो सका है। वर्ष 2022 में भी पार्किंग स्थल बनाने के लिए नगर पालिका परिषद ने शहर में करीब पांच स्थान चिन्हित किए थे, लेकिन वह भी फाइलों में ही कैद होकर दम तोड़ गई। छह महीने पहले विभिन्न स्थानों पर नगर पालिका परिषद ने पांच स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाने केलिए जगह चिन्हित की थी। डीसी रोड परह फारेस्ट कॉलोनी के निकट टिनशेड डाल कर पार्किंग बनाई थी। इसके अलावा कंपनी बाग के हार सड़क किनारे खाली पड़ी जगह को पिलर लगाकर चारों तरफ लोहे की जंजीर लगाई थी। लेकिन अभी तक इसके आगे कोई कार्य नहीं बढ़ पाया है।

> पार्किंग स्थलों के लिए पांच स्थान चिन्हित किए गए हैं। इन जगहों पर अतिक्रमण है। पहले उसे हटाया जाएगा। इसके बाद पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे। **-संजय कुमार, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद लखीमपुर**

### इन स्थानों पर चिन्हित की गई थी पार्किंग

रेलवे स्टेशन का गेट, कंपनी बाग, डीसी रोड पर फॉरेस्ट कालोनी गेट के पास, ईदगाह में संकटा प्रसाद बाजपेयी पार्क के पास, पुराना एसपी बंगला को पार्किंग बनाने के लिए चिन्हित किया था। इनमें से फॉरेस्ट कॉलोनी के निकट और कंपनी बाग के पास तो टिनशेड और पिलर लगा दिए गए, लेकिन अभी तक पार्किंग के लिए इन्हें चालू नहीं किया जा सका। इसके अलावा अन्य तीनों जगहों पर अभी तक कोई कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं।

# किशोरी के चेहरे पर गर्म रॉड से नाम लिखने वाले को भेजा जेल

## दुष्कर्म की हुई थी पुष्टि, पुलिस ने किशोरी के बयान के आधार पर धाराएं बढ़ाई

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** धौरहरा क्षेत्र में एक किशोरी को बंधक बनाकर उसके चेहरे पर लोहे की रॉड गर्म कर अपना नाम लिखने वाले सिरफिरे प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को चालान भेज दिया है। कोर्ट से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने किशोरी के बयान के आधार पर धाराएं बढ़ाई हैं। पॉक्सो एक्ट भी लगाया है। वहीं एसपी साहा ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से मामले में कोई निर्देश अथवा डीजीपी ने बयान आदि तलब नहीं किए हैं। बीते दो दिन पहले धौरहरा कोतवाली क्षेत्र में बात न करने से नाराज 16 साल की किशोरी को दर्दनाक सजा दी गई थी। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि 19 अप्रैल की सुबह करीब 11: 30 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी। वापस घर जाते समय रास्ते में गांव के ही एक युवक ने उसको उठा लिया था और अपने घर में तीन दिनों तक बंद करके शारीरिक यातनाएं दीं थीं। बेटी जब घर नहीं पहुंची तो वह उसकी तलाश कर रही थी। तीसरे दिन शाम को किसी तरह से चंगुल से छूटी पुत्री घर पहुंची और पूरी बात बताते हुए आरोपी के खिलाफ तहरीर दी थी, जिस पर पुलिस ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोप है कि आरोपी ने किशोरी से दुष्कर्म किया था और यह किसी और की न हो सके, इसलिए उसने किशोरी के गाल पर दाग दिया था। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर रिपोर्ट तो लिखी, लेकिन उसने तमाम बातों का जिक्र नहीं किया था। पुलिस ने सिर्फ किशोरी को बंधक बनाने, मारपीट करने, अपमानित करने जैसे अपराध को शामिल किया था। यहां तक कि आरोपी को पकड़ा भी नहीं गया। पुलिस शुरू से ही मामले को प्रेम प्रसंग बता रही थी। इससे नाराज पीड़ित किशोरी अपनी मां के साथ 26 अप्रैल को एएसपी पवन गौतम से मिली थी और पूरी घटना बताई थी। तब मामला मीडिया तक पहुंचा तो पुलिस सक्रिय हुई।

बताया जाता है कि मामला सुर्खियों में आने पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने घटना का संज्ञान लिया है पर कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। वहीं एएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी अमन सलमानी के खिलाफ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई थी। रविवार को धौरहरा के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।

> धौरहरा में किशोरी के साथ हुई घटना के संज्ञान में आते ही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। विवेचना में धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय से मामले में कोई निर्देश अथवा डीजीपी ने बयान आदि तलब नहीं किए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। विवेचना जारी है। जांच में यदि कोई अन्य तथ्य मिले तो उसके अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। **-गणेश प्रसाद साहा, एसपी।**

# खेत की तरफ गई किशोरी से दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **शनिवार देर रात नाबालिग से हुई दरिंदगी**

**अमृत विचार:** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में शनिवार की देर शाम करीब आठ बजे शौच करने खेतों की तरफ गई अनुसूचित जाति की 16 वर्षीय किशोरी को दूसरे समुदाय के युवक ने दबोच लिया और उससे दुष्कर्म किया। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

मोहम्मदी क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि घटना शनिवार की देर शाम करीब आठ बजे की है। उसकी पुत्री पड़ोस स्थित एक खेत पर शौच करने गई थी, जहां पहले से घात लगाए बैठा पड़ोसी गांव के रहने वाले हारून ने उसकी पुत्री को दबोच लिया और पूरी रात दुष्कर्म किया। जब काफी देर तक किशोरी घर नहीं पहुंची तो परिवार वालों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। तड़के किशोरी आरोपी के चंगुल से किसी तरह से छूटी और घर आकर पूरी बात बताई। इससे परिवार वालों के होश उड़ गए। परिजन पीड़ित किशोरी को लेकर कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह को तहरीर देकर पूरी घटना बताई। दुष्कर्म की सूचना पाकर सीओ अरुण कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए। सीओ ने प्रभारी निरीक्षक से साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि पीड़ित किशोरी का लगभग एक साल से युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस ने पीड़ित किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा है।

## सार-संक्षेप

### कार की टक्कर से दो बाइक सवार समेत तीन लोग घायल

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार:** पलिया-निघासन रोड पर त्रिलोकपुर में कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दो युवक और पास में दुकान किनारे बैठा वृद्ध घायल हो गया। घायल बाइक सवार दोनों युवकों को सीएचसी लाया गया, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर एक युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, जबकि घायल इदरीसी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा थाना मझगई के त्रिलोकपुर मोड़ के पास हुआ। तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार रामचंद्र (45) पुत्र पुत्तूलाल निवासी त्रिलोकपुर, बांकेलाल (50) पुत्र दयाराम निवासी मुर्गहा घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज हुई कि बाइक दुकान के बाहर बैठे इदरीसी (60) पुत्र पीर मोहम्मद से टकरा गई। इससे वह भी घायल हो गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

### शारदा नहर में मिला पीलीभीत के लापता व्यक्ति का शव

**संवाददाता, पसगवां, अमृत विचार:** पीलीभीत के बिलसंडा से लापता व्यक्ति का शव पसगवां थाना क्षेत्र में शारदा नहर में बरामद हुआ है। वह पांच दिन से लापता था और बिलसंडा थाना में गुमशुदगी दर्ज थी। मृतक दिनेश कुमार सक्सेना (50) पीलीभीत के थाना बिलसंडा के ग्राम ईटगांव का निवासी है। उसके भाई नरेश कुमार ने बताया कि वह घर से 23 अप्रैल को लापता हो गया था। काफी तलाश करने के बाद 24 अप्रैल को पुलिस को सूचना दी। बिलसंडा पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बैठ गई। लेकिन परिवार वाले लगातार उसकी तलाश करते रहे। इसी क्रम में उसके भाई का शव पसगवां थाना क्षेत्र में नगरा मछेछा के पास शारदा नहर से बरामद हुआ है। मृतक के भाई की सूचना पर पसगवां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के घर में पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं।

### सास-बहू में मारपीट में चार लोग घायल

**पसगवां, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरोला कुंअरपुर में टिन डालने को लेकर विवाद हो गया। दोनों के बीच बातचीत इतनी बढ़ गई कि उनमें मारपीट होने लगी। इस मारपीट में चार लोग घायल हुए हैं। सास सुखरानी ने आरोप लगाया है कि मगरे, शेरू, नीरू, शेरा की पत्नी ने डंडों और लात-घूंसों से मारा। जिससे वह, उसके पुत्र आशीष व अमन चोटिल हो गए। उधर बहू प्रेमा पत्नी शेरू ने ससुर सुरेंद्र, सास सुखरानी और देवर आशीष पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों की तहरीर पर दोनों पक्षों के आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चोटिलों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया है।

### तेज आंधी में दीवार ढही, दो पशुओं की मौत

**संवाददाता, मितौली, अमृत विचार:** शनिवार की रात आई तेज आंधी में मूसा देई गांव में एक घर की दीवार भरभराकर ढह गई, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। मलबे के नीचे दबकर दो पशुओं की मौत हो गई। कई पशु चोटिल हो गए। शनिवार को शाम से ही काफी तेज हवाएं चलने लगीं थी। देर रात काले बादल आसमान में छा गए। इसी बीच आई तेज धूल भरी आंधी से कई घरों पर पड़ी टिनशेड, छप्पर दुकानों आदि के बोर्ड उड़कर दूर जा गिरे। आंधी से गांव मूसा देई निवासी छोटेलाल मौर्य के घर की मिट्टी से बनी एक दीवार भरभराकर गिर गई। इससे घर में चीख पुकार मच गई। शोर शराबा होने पर आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण जब तक मलवा हटाते। इससे पहले ही एक गाय और एक भैंस की मलबे के नीचे दबकर मौत हो गई। कई अन्य पशु चोटिल हो गए। घटना की सूचना पाकर लेखपाल शिवकुमार सिंह रविवार को मौके पर पहुंचे। उन्होंने नुकसान का आंकलन किया है। लेखपाल ने बताया कि रिपोर्ट सोमवार को शासन को भेजी जाएगी।


तेज आंधी में गिरी मिट्टी की दीवार।

### निर्भीक होकर बगैर दबाव के करें मतदान

**संवाददाता, भीरा, अमृत विचार:** थाना भीरा में एसओ ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर संभ्रांत नागरिकों के साथ एक बैठक की। एसओ पंकज त्रिपाठी ने कहा कि सभी लोग 13 मई को अपने मतदान केंद्रों पर जाएं और बगैर किसी दबाव के निर्भीक होकर वोट देकर इस महायज्ञ में अपनी भागीदारी करें। पुलिस पूरी तरह आपके साथ है। किसी प्रलोभन में न आएं। बैठक में ओमप्रकाश अग्रवाल, घनश्याम, अरुणेंद्र शुक्ला, मुकेश देवल, विक्की गर्ग सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालय में घपले की जांच शुरू

**संवाददाता, पलिया, अमृत विचार:** पलिया के विशेनपुरी कॉलोनी स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक छह लाख रुपये का गबन करने के मामले की बीईओ ने जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक विद्यालय विशेनपुरी की प्रबंध समिति अध्यक्ष सुशील कुमार ने 17 अप्रैल को विधायक रोमी साहनी व एसडीएम कार्तिकेय सिंह को एक शिकायती पत्र सौंपा था, जिसमें कहा गया था कि स्कूल के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार ने उनके फर्जी हस्ताक्षर बनाकर पीएफएमएस पोर्टल पर जनरेटेड पीपीए से छह लाख रूपए निकाल लिए और गबन कर लिया। एसडीएम के आदेश पर खंड शिक्षाधिकारी स्तर से जांच शुरू कर दी गई है। खंड शिक्षाधिकारी रमन सिंह ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है। बैंक से पूरी जानकारी मांगी गई है। जांच में शिक्षक अगर दोषी मिलता है तो कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** नगर के मोहल्ला ऊंचीभूड निवासी सुनील श्रीवास्तव (42) पुत्र चंद्रिका प्रसाद, कोतवाली क्षेत्र के वनभल्लियां गांव निवासी मीना देवी (22) पुत्री रामकृपाल सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत में सुधार न होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# जेसीबी चालक की हालत बिगड़ी, मौत

संवाददाता, निघासन

▸▸ **थाना सिंगाही क्षेत्र के एक भट्ठे पर चलाता था जेसीबी**

**अमृत विचार:** थाना सिंगाही क्षेत्र में तिकुनिया रोड पर स्थित एक ईंट भट्ठे पर जेसीबी चला रहे चालक की शनिवार की देर शाम अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे आनन-फानन में निघासन सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना मितौली के गांव के मरवरा निवासी रंजीत (35) पुत्र रामचंद्र कोतवाली तिकुनिया के गांव तकिया पुरवा निवासी एक व्यक्ति की जेसीबी का चालक था। वह चार महीनों से उसके पास काम कर रहा था। क्लेशहरण-तिकुनिया मार्ग पर स्थित एक भट्ठे पर जेसीबी से खुदाई का कार्य चल रहा था। भट्ठे के कर्मचारियों ने बताया कि शनिवार को जेसीबी मालिक और चालक के बीच मजदूरी को लेकर बातचीत हो गई थी। आशंका जताई जा रही है कि इससे नाराज चालक रंजीत ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर हड़कंप मच गया। उसे आनन-फानन में सीएचसी निघासन लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर उसे लेकर आए लोग मौके से भाग निकले। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर निघासन पुलिस अस्पताल पहुंची और परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिवार वालों ने अभी कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी है। प्रभारी निरीक्षक सिंगाही अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिवार के लोगों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सर्पदंश से महिला की हालत बिगड़ी : गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम पडरिया निवासी सुनील कुमार की पत्नी लक्ष्मी (22) घर के पास काम कर रही थी। तभी किसी जहरीले सर्प ने उसको डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वाले लक्ष्मी को सीएचसी लाये, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# डीपीआरओ 11 ने सनराइजर्स लखीमपुर को दी शिकस्त

▸▸ **मतदाता जागरूकता के लिए हुआ सद्भावना क्रिकेट मैच**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


शील्ड के साथ डीपीआरओ सौम्यशील सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मतदाता जागरूकता सद्भावना क्रिकेट मैच पंचायती राज व ग्राम्य विकास महकमे की डीपीआरओ-11 व सनराइजर्स लखीमपुर के मध्य लालपुर राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में खेल गाया। जिसमे डीपीआरओ-11 ने सनराइजर्स लखीमपुर को 34 से हरा दिया। इस मैच में मुख्य विकास अधिकारी, 29_धौरहरा के रिटर्निंग अफसर अनिल कुमार सिंह ने भी शिरकत की।

मैच 20 ओवर का हुआ। पहले खेलते हुए डीपीआरओ-11 ने 20 ओवर में 194/4 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स ने 17 ओवर में 160 रन पर ऑलआउट हो गई। डीपीआरओ-11 की तरफ से ओपनर अभय अरोड़ा ने शानदार शतक बनाया तथा सुनील पंकज व प्रभात वर्मा ने 28 और 31 रन का योगदान दिया। अभय अरोड़ा से 04 विकेट और विवेक सिन्हा ने तीन विकेट लिए। खास बात यह है कि डीपीआरओ सौम्यशील ने पहला विकेट तब दिलाया, जब उनकी टीम जीत की सभी उम्मीदे खो चुकी थीं। टीम सनराइजर्स की ओर से खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह ने 45 रन का योगदान किया। चन्द्र प्रकाश को अच्छी बॉलिंग के लिए बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मिला। वही मैन आफ द मैच अभय अरोड़ा को नवाजा गया। इस दौरान लगभग 400 दर्शक, 30 बच्चे उपस्थित रहे। टीम डीपीआरओ-11 के कप्तान डीपीआरओ सौम्यशील सिंह और सनराइजर्स के कप्तान अमित गौतम रहे।

# जेईई एडवांस्ड में चिल्ड्रेन्स एकेडमी के तीन विद्यार्थी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नगर के चिल्ड्रेन्स एकेडमी के तीन विद्यार्थियों नवदीप पटेल (95.36), रौनक वर्मा (82) और असर्व सोनी ने (88.87) परसेनटाइल अंक पाकर आईआईटी जेईई एडवांस्ड परीक्षा क्वालीफाई कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। प्रधानाचार्य अजय कृष्णा आनंद ने बताया की तीनों विद्यार्थी होनहार है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही तीन और विद्यार्थी प्रशांत वर्मा (76.23), जाग्रति गुप्ता (70) और विनीत कुमार ने (71) परसेनटाइल अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है ।

# मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


द्वितीय रेंडमाइजेशन के दौरान मौजूद प्रेक्षक व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार:** लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने को लेकर लोकसभा की खीरी संसदीय क्षेत्र की सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी व धौरहरा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी की मौजूदगी में रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ।

मतदान प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जिले में 2890 मतदेय स्थल के सापेक्ष 3183 पोलिंग पार्टी का गठन किया गया है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी के नेतृत्व में तीन मतदान अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। मतदान कार्मिकों को 02 से 08 मई 2024 तक दो पालियों में धर्म सभा इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा 275 माइक्रो आब्जवर का भी रेण्डमाईजेशन किया गया, जिन्हें क्रिटिकल बूथ पर लगाया जाएगा। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, प्रभारी मतदान कार्मिक सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीआईओ एनआईसी महेंद्र सिंह, एडीईओ तौसीफ अहमद रहे।

सावधान रहें | तीन दिन में पांच लोगों की मौत, डॉक्टर बताते है कि हार्ट फेलियर की वजह सिर्फ सर्दी ही नहीं, बल्कि भीषण गर्मी भी है

# तेज गर्मी बन सकती है हार्ट अटैक का कारण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** पिछले तीन दिन में पांच लोगों की मौत हो चुकी है। इन सबकी उम्र 26 से लेकर 40-42 तक है। इनकी मौत का कारण हार्ट फेलियर होना बताया जा रहा है। हालांकि इन सबकी मौत की हकीकत पोस्टमार्टम कराने पर ही सामने आती। मगर, डॉक्टर भी बताते है कि हार्ट फेलियर की वजह सिर्फ सर्दी ही नही, बल्कि भीषण गर्मी भी है। तेज गर्मी भी दिल के लिए मुसीबत बनकर हार्ट अटैक का कारण बन सकती है।

आमतौर पर हार्ट अटैक के मामले सर्दी के दिनों में ज्यादा होते हैं। मगर, सच्चाई यह है कि सर्दी की ही तरह भीषण गर्मी भी दिल को मुसीबत में डाल सकती है। तेज धूप और गर्म हवाएं स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन से लेकर दिल का दौरा की समस्या को उत्पन्न कर सकती है, जो जानलेवा भी हो सकती है। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. रोहित पाठक बताते हैं कि लंबे समय तक धूप के संपर्क में रहने से हार्ट का दम बिगड़ने या सामान्य से तेज होने और शरीर में रक्त संचार धीमा पड़ने से हार्ट अटैक का खतरा गर्मी के मौसम में भी रहता है। मौसम का तापमान जितना गर्म होता है उतना ही शरीर को तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, जिसका सीधा असर दिल पर पड़ता है।

### इसलिए गर्मियों में रहता है हार्ट अटैक का खतरा

गर्मियों में पसीना निकलता है जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। इससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ जाता है। शरीर में पानी की कमी होने से खून गाढ़ा होने लगता है, जिससे हृदय पर दवाब बढ़ता है और हार्ट अटैक की संभावना बढ़ जाती है। इसके साथ ही गर्मियों में हार्ट को शरीर का टैम्परेचर मेंटेन करने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। जिसकी वजह से वह खून को ठीक तरह पम्प नहीं कर पाता, शरीर में रक्त संचार में बाधा आती है और हार्ट अटैक की संभावना बनी रहती है। पसीना ज्यादा आने से शरीर में सोडियम और पोटेशियम की कमी हो जाती है। यह इलेक्ट्रिकल एक्टिविटी को भी प्रभावित करता है जिसकी वजह से उन्हें अरिदमिया या दिल की धड़कन अनियमित होने की संभावना रहती है।

### यह होते हैं लक्षण

हाथ-पैर में सूजन आना, मांसपेशियों में दर्द होना, जी मिचलाना, उल्टी, हीट स्ट्रोक, अचानक बेहोश होना।

### तीन दिन में हार्ट अटैक से इनकी चली गई जान

**26 अप्रैल-** शहर निवासी भाजपा नेता के पुत्र अमिय त्रिपाठी

**27 अप्रैल-** शहर के सदर चौराहे पर सरदार होटल के पास चाय की दुकान करने वाले श्याम नरायन भल्ला

**27 अप्रैल-** मैलानी में वार्ड नंबर 9 के निवासी पंडित हरद्वारी लाल

**28 अप्रैल-** एफसीआई के टेक्निकल असिस्टेंट विष्णु शर्मा

**28 अप्रैल-** सरकारी शिक्षक रियाजुद्दीन

### गर्मियों में हार्ट समस्याओं से इस तरह करें बचाव

■ रोजाना 8-10 गिलास या तकरीबन 3 लीटर पानी जरूर पिएं। ■ शराब, चाय-कॉफी, कोल्ड ड्रिंक ज्यादा न पिएं, क्योकि इससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। ■ डिहाइड्रेशन से हार्ट अटैक का रिस्क रहता है। ■ जूस, नारियल पानी या छाछ का सेवन करें। ■ हल्का, सुपाच्य और संतुलित आहार लें। ■ प्रोटीन रिच डाइट से परहेज करें। ■ ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, दालें और फलियां खाएं। ■ जंक, मसालेदार, तैलीय, मांसाहारी, डिब्बाबंद और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों से बचें। ■ स्ट्रीट फूड न खाएं। ■ हल्के रंगों वाले, ढीले-ढाले और सूती वस्त्र पहनें। ■ कमरे का तापमान ठंडा रखें। ■ अचानक या कूलर में से निकलकर धूप में न जाएं। ■ सुबह सैर करना, दौड़ना और बागवानी ठंडे वक्त में करें। ■ बढ़ती गर्मी में स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या होने पर सरकारी अस्पताल जाकर डॉक्टर से संपर्क करे।

# काउंटर से रुपये चोरी करते युवक को दुकानदार ने पकड़ा

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** थाना मझगईं के कस्बा बम्हनपुर में दिनदहाड़े दुकान में घुसकर काउंटर से रुपये निकाल रहे एक युवक को दुकानदार ने रंगेहाथ दबोच लिया। इसी बीच दुकान पर पहुंचे तीन युवक आरोपी को छुड़ाने की कोशिश करने लगे। इससे नाराज लोगों ने दो युवकों को पकड़ लिया, जबकि उनका तीसरा साथी मौके से भाग जाने में सफल रहा। लोगों ने पहले पकड़े गए तीनों आरोपियों की पिटाई की। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। कस्बा बम्हनपुर निवासी त्रिलोकी जायसवाल की बम्हनपुर चौराहा पर लोहा भंडार और बीज भंडार की दुकान है। दोनों दुकाने आमने-सामने हैं। दुकान स्वामी ने बताया कि रविवार को वह लोहा भंडार वाली दुकान से उठकर सामने स्थित बीज भंडार की दुकान पर आए थे, जहां कुछ देर के लिए बैठ गए। उस समय लोहा भंडार की दुकान पर कोई नहीं था। मौका पाकर एक युवक दुकान के अंदर घुसकर काउंटर से नकदी निकालने लगा। इसी बीच उनकी नजर युवक पर पड़ गई। उन्होंने मौके पर जाकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपी युवक ने अपना नाम चंद्रपाल निवासी मोतीपुरवा बताया। पूछताछ के समय तीन अन्य युवक दुकान पर पहुंचे और आरोपी को छुड़ाने लगे। इससे मौजूद दुकानदार भड़क गए और दो लोगों को पकड़ लिया, जबकि उनका तीसरा साथी भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों आरोपियों को थाने ले आई है। पीड़ित दुकानदार ने चारों आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर राज ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# नहीं हो पा रही नालों की सफाई, जलभराव बनेगा मुसीबत

## कूड़ा, गंदगी से चोक नाले नालियां, दुर्गंध से शहरवासी परेशान, अतिक्रमण की वजह से नहीं हो पा रही नालों की सफाई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर के 30 वार्डों में छोटे बड़े कुल 55 नाले नालियां हैं। जो अतिक्रमण की चपेट में होने के कारण कूड़ा और गंदगी से पटे हैं। इससे जल निकासी बाधित है और इनका गन्दा पानी सड़कों पर बहता है। नाले नालियों की हर साल तली झाड़ सफाई कराई जाती है। इस बार भी नालों की सफाई का कार्य शुरू हो गया है, लेकिन अतिक्रमण की वजह से नालों की सफाई नहीं हो पा रही है। हालांकि खुले नालों की सफाई तो हो रही है, लेकिन अतिक्रमण की जद में नालों में कूड़ा और पॉलीथिन पटी पड़ी है। ऐसे में बरसात के मौसम में फिर जलभराव मुसीबत बनेगा।


डीसी रोड काशीराम कॉलोनी के पास कूड़े से पटा पड़ा नाला।


फल मंडी में चौक नाला।


सीतापुर रोड पर चोक नाला। अमृत विचार

शहर के अधिकांश नालियों से लेकर नालो पर पक्का अतिक्रमण है। यह स्थिति एक दो मोहल्ले में नहीं, बल्कि पूरे शहर की है। अतिक्रमण होने की वजह से इनकी साफ सफाई तक नहीं हो पाती है, जिससे आम दिनों से लेकर बारिश के मौसम में यह नाले शहर में जलभराव का कारण बनते हैं। गन्दगी से पटे नाले नालियों से उठती दुर्गंध से जहां लोगो का बैठना मुश्किल है यो वही इनका जलभराव मच्छरों के पनपने के लिए मुफीद बना हुआ है। इससे मलेरिया से लेकर मच्छर जनित अन्य बीमारियों के प्रकोप का खतरा बना हुआ है। अमृत विचार टीम ने रविवार को डीसी रोड पर कॉशीराम कॉलोनी के पास, सीतापुर रोड और फल मंडी में नालों की हकीकत देखी। यह सभी नाले जहां अतिक्रमण के कारण चोक मिले, वहीं इनकी अभी सफाई भी शुरू नहीं हो सकी। यहां के निवासियों ने बताया कि इन नालों की तलीझाड़ सफाई कभी भी नहीं हो पाती है।

### नगर पालिका की दुकानों का नाले पर है अतिक्रमण

नगर पालिका परिसर के बाहर करीब एक दर्जन दुकाने है। इन दुकानदारों ने पालिका कर्मियों से साठ गांठ कर नाले पर ही छज्जा बनाकर दुकान आगे बढ़ा ली है। इसी वजह से पिछले कई साल से हीरालाल धर्मशाला से लेकर रोडवेज बसअड्डे तक नाले की तली झाड़ सफाई नहीं हुई है। इसकी वजह से बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या होती है।

> नगर में अभियान चलाकर नाले व नालियों की सफाई का कार्य शुरू करा दिया है। बरसात शुरू होने से पहले ही नालों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित हो जाएगी। ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या न हो। -संजय कुमार अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका लखीमपुर

# पाइप लाइन फटने से सीतापुर रोड पर हुआ जलभराव, सैकड़ों लीटर पानी हुआ बर्बाद


सीतापुर रोड पर पाइप लाइन फटने से भरा पानी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर में वाईडी कॉलेज के आगे सीतापुर रोड पर नगर पालिका परिषद की पेयजल पाइप लाइन फटने से मुख्य मार्ग पर जलभराव हो गया। भीषण गर्मी में सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो गया, वहीं राहगीरों को निकलने में खासी दिक्कत हुई। वहीं सूचना पर पेयजल आपूर्ति बंद कराई गई, जिससे मोहल्ले में जलापूर्ति भी प्रभावित हुई है। हालांकि विभागीय अधिकारियों का दावा है कि कुछ देर बाद ही आपूर्ति सुचारु कर दी गई थी, जिससे कोई परेशानी नहीं हुई। शहर में सीतापुर रोड पर चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। रविवार की सुबह चौड़ीकरण के कार्य के दौरान ही पाइप लाइन फटने से मोहल्ला बरखेरवा और रामनगर कॉलोनी की पेयजल आपूर्ति ठप करनी पड़ी। इससे इन दोनों बड़े मोहल्लों में करीब 30 हजार लोगों को पेयजल सप्लाई की समस्या झेलनी पड़ी। उधर, इस बाबत नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार का कहना है कि सड़क के चौड़ीकरण कार्य के दौरान पाइप लाइन फटने से पानी भर गया था। सूचना मिलती ही पेयजल सप्लाई रोकने के साथ ही पाइप लाइन को दुरुस्त करा दिया गया।

# हाईटेंशन लाइन में लोहे की रॉड छूने से युवक की मौत

## नाली की सफाई कर रहा था युवक, घर के पास से निकले हैं बिजली के तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कोतवाली सदर क्षेत्र के गांव पंडित पुरवा (मीरपुर) में नाली साफ करते समय लोहे की राड ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन में छू गई। इससे युवक की मौके पर ही झुलसकर मौत हो गई। युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हादसा शनिवार की शाम करीब पांच बजे हुआ। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद रामनाथ ने बताया कि उनके घर के पास से बिजली की हाईटेंशन लाइन निकली हुई है। जिसके तार काफी नीचे तक झूल रहे हैं। उनका पुत्र रोहित (25) घर के बाहर लोहे की लंबी रॉड लेकर नाली की साफ-सफाई कर रहा था। इसी बीच लोहे रॉड उठाते समय तारों से छू गई, जिससे रोहित गंभीर रूप से झुलस गया और उसकी मौके मौत हो गई। चीख पुकार मचने पर परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। उसका शव देख परिवार वालों में चीख पुकार मच गई।

घटना जिसने सुनी वही मौके की तरफ दौड़ पड़ा। लोगों ने हादसे की जानकारी बिजली विभाग के कर्मचारियों को दी। इस पर लाइन बंद कराई गई। परिवार वालों की सूचना पर रामापुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद रविवार की शाम शव जब गांव पहुंचा तो परिवार में चीख पुकार मच गई। मृतक की पत्नी और मां चमेली देवी शव से लिपट कर बिलखने लगी। परिवार वालों ने गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया।


रोहित कुमार (फाइल फोटो)

### चार भाइयों में तीसरे नंबर का था रोहित

हादसे में मारा गया रोहित चार भाईयों में तीसरे नंबर का था। उसकी एक बड़ी और एक छोटी बहन है। वह खेती-किसानी और घरेलू कामों में अपने पिता रामनाथ और भाईयों किशन, नीरज और रंजीत का हाथ बंटाता था।

### हाथ की मेहंदी छूटी नहीं उजड़ गई मांग

मृतक के पिता रामनाथ ने बताया कि रोहित की शादी 25 अप्रैल 24 को कोतवाली सदर के गांव जमकोहना निवासी शिल्पी के साथ हुई थी। शिल्पी भी अपनी ससुराल में है। अभी उसके हाथ की मेहंदी भी छूट नहीं पाई थी और उसकी मांग का सिंदूर उजड़ गया। उसे जब पति की मौत की खबर मिली तो वह गश खाकर गिर गई। आसपास की महिलाओं ने उसे संभाला और ढांढस बंधाती रहीं, लेकिन उसके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। रोहित की मौत से दो परिवारों में चीख पुकार मची हुई है।

# शव की शिनाख्त को लेकर पुलिस ने नहीं दिखाई रुचि

- सदर कोतवाली पुलिस की लापरवाही से 72 घंटे मोर्चरी में पड़ा रहा शव
- तीसरे दिन जेब में मिले मोबाइल नंबर से मोर्चरी के कर्मचारियों ने दी परिवार वालों को सूचना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले की पुलिस लावारिश मिलने वाले शवों की पहचान को लेकर कितना सजग रहती है। इसकी बानगी रविवार को देखने को मिली। शहर के खपरैल बाजार में मिले शव को सदर कोतवाली पुलिस ने मोर्चरी में रखवा तो दिया, लेकिन न तो उसके कपड़ों की तलाशी ली और न ही पहचान कराने की कोई कोशिश की। भला हो मोर्चरी के कर्मचारियों का। जिनकी नजर तीसरे दिन शव की शर्ट में रखे एक कागज पर पड़ी। उसे निकालकर देखा तो उस पर मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। नंबर पर कॉल कर परिवार वालों को सूचना दी। शव की पहचान होने के बाद रविवार को पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शहर के मोहल्ला अजुर्न पुरवा निवासी अशोक कुमार (48) संदिग्ध हालात में 25 अप्रैल को खपरैल बाजार में पड़ा देखा गया था। व्यापारियों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस 108 की मदद से जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शव लाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रख दिया। नियमानुसार लावारिश शवों को 72 घंटे तक रखा जाता है। यदि शव की शिनाख्त नहीं हो पाती है तो निर्धारित समयावधि पूरी होने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर उसका अंतिम संस्कार कराती है, लेकिन सदर कोतवाली पुलिस की इस लावारिस शव को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। पुलिस ने खपरैल बाजार से लेकर मोर्चरी में रखवाने तक शव की पहचान कराने में कोई रुचि नहीं ली। खास बात यह है कि शव पर पहने कपड़ों की भी जांच नहीं की और न ही तलाशी ली। शनिवार को शव के 72 घंटे पूरे हो रहे थे। भला हो मोर्चरी कर्मचारियों का, जिनकी नजर शनिवार की शाम करीब पांच बजे शव की शर्ट की जेब पर पड़ी तो उसमें कागज रखा दिखाई दिया। नाम न छापने की शर्त पर एक कर्मचारी ने बताया कि जब जेब से उसने कागज निकाला तो देखा उस पर तीन मोबाइल नंबर लिखे थे। कर्मचारियों ने जब पहले नंबर पर कॉल की तो वह नंबर मृतक की बेटी साधना का निकला। कर्मचारी ने शव मोर्चरी में रखे होने की जानकारी दी। पिता की मौत की खबर पाकर साधना अवाक रह गई। उसके परिवार में कोहराम मच गया। बेटी साधना रोते-बिलखते अपने चाचा खुशीराम व परिवार के अन्य लोगों के साथ मोर्चरी पहुंची और शव देखा तो वह उसके पिता अशोक कुमार का निकला। मृतक के छोटे भाई खुशीराम ने बताया कि अशोक कुमार मजदूरी करते थे। वह घर पर कम आते थे। जहां काम करते। वहीं रुक जाते थे। शनिवार की शाम को मोर्चरी की देखरेख करने वाले एक कर्मचारी ने भतीजी साधना (मृतक की बेटी) के मोबाइल पर कॉल कर शव मिलने की खबर दी थी। तब उन्हें मौत होने की जानकारी हुई।

### पत्नी की पहले हो चुकी है मौत

जिला अस्पताल की मोर्चरी पर मौजूद मृतक अशोक कुमार के छोटे भाई खुशीराम ने बताया कि वह लोग मूल रूप से पलिया क्षेत्र के रहने वाले हैं। वर्तमान समय में अपना मकान बनवाकर मोहल्ला अर्जुनपुरवा में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि अशोक कुमार की पत्नी की एक साल पहले मौत हो चुकी है। उसकी बड़ी बेटी साधना और दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। पिता की मौत के बाद से बच्चों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

> मुझे इस तरह के मामले की कोई जानकारी नहीं है। यदि ऐसा है तो गंभीर विषय है। इसकी जांच कराई जाएगी, जो दोषी होगा। उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। -रमेश कुमार तिवारी सीओ सदर

# पत्नी ने देवर के साथ मिलकर पति को चाकू से मार डाला

**कार्यालय संवाददाता, बिधनू/कानपुर। अमृत विचार।** कमिश्नरेट के बिधनू थानाक्षेत्र में खेरसा गांव में अवैध संबंधों में बाधक बने पति की पत्नी ने देवर के साथ मिलकर धारदार हथियार से हत्या कर दी। हत्यारोपियों ने रस्सी से हाथ-पैर बांधकर शव को तालाब में फेंक दिया। रविवार सुबह तालाब से शव मिलने के बाद पत्नी और देवर फरार हो गए। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने शव बाहर निकालकर साक्ष्य एकत्र किए। आशंका है कि घर में चाकू से हमला करके उसे मारा गया। खेरसा गांव निवासी 42 वर्षीय दिनेश अवस्थी उर्फ बाबा पत्नी संतो उर्फ राखी और छोटे भाई मनोज अवस्थी के साथ गांव में एक ही मकान में रहता था। दिनेश कुछ वर्ष पहले भीमसेन स्टेशन पर खाने पीने का सामान बेचने का काम करता था। करीब दो वर्ष पहले दिनेश लखीमपुर से राखी उर्फ संतो नाम की युवती से प्रेम विवाह कर खेरसा ले आया था। रविवार सुबह घर से सटे तालाब में दिनेश का शव उतराता मिला। फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवा कर घटनास्थल की जांच शुरू की। पुलिस जांच में देवर मनोज और भाभी संतो के बीच अवैध संबंधों की बात सामने आई है। इस संबंध में बिधनू थाना प्रभारी प्रेमचंद्र कनौजिया ने बताया कि युवक की हत्या करने के बाद से पत्नी और भाई फरार हैं। दिनेश का सबसे छोटा भाई मयानंद की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम Anuradha Pandey पुत्री रामनरेश पांडेय निवासी सुमेरपुर हमीरपुर है। गलती से जन्म प्रमाण पत्र में Anuradha Pande हो गया है। अब मुझे Anuradha Pandey **पुत्री रामनरेश पांडेय निवासी सुमेरपुर हमीरपुर** के नाम से ही जाना जाए।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा डी0 फार्मा का सर्टिफिकेट (डिग्री) अनुक्रमांक संख्या 2127262142047 सन् 2021 भवानी बजार में खो गया है। यदि किसी को मिले तो 9026108949 पर सम्पर्क करे। – **दुर्गेन्द्र साहू 8/316 जानकीपुरम विस्तार लखनऊ**

**सूचना**
सूचित हो की मेरे पुत्र अंशू सविता का जन्म दिनांक 26.04.2008 को घर पर हुआ है मेरी पत्नी का नाम साधना देवी है मेरे पुत्र अंशू सविता की जन्मतिथि का पंजीयन नगर पालिका परिषद फतेहपुर का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाना है अतः मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाए। – **अखिलेश कुमार पुत्र राम गोपाल, निवास– मोहल्ला – देवीगंज शहर फतेहपुर, पर0 तह0 वा जिला– फतेहपुर!**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी मां स्व.निर्मला देवी पत्नी हरिराम के एलआईसी शाखा रायबरेली के खाता संख्या 275180194 में मेरा नाम बतौर नामिनी बबलू अग्रहरी दर्ज है। अन्य अभिलेखों में मेरा नाम विनोद कुमार दर्ज है। विनोद कुमार और बबलू अग्रहरी दोनो नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है। – **विनोद कुमार उर्फ बबलू अग्रहरी पुत्र हरिराम, निवासी – उमरन, परगना– सलोन , तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **नूर मोहम्मद पुत्र सकूर, नि0–मालवीय नगर, सिकन्दरपुर, थाना–छिबरामऊ, जि0–कन्नौज**, मेरा पुत्र अकील अहमद व उसकी पत्नी बेहद झगडालू व स्वतंत्र विचारों के व्यक्ति है जो आए दिन मेरे साथ गाली–गलौज व मारपीट करते है तथा मकान का बैनामा कराने की धमकी देते हैं उनके इन व्यवहारों से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है अब हमारा उनसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा पुत्र अभिषेक कुमार मुझसे अलग निवास करता हैं। इसके किसी भी प्रकार के कार्य व्यवहार से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नही है और मैंने उसे अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है अब मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नही है। –**मूलचंद्र पुत्र मुंशी लाल, निवासी–ग्राम–छतेनी, पोस्ट– लालपुर शिवराजपुर, थाना– शिवली, तहसील– मैथा ,जनपद– कानपुर देहात**

# पूरे शबाब पर है ऐतिहासिक चैती मेला

## समापन के बचे चंद दिनों में अब उमड़ रही भीड़, खेल तमाशा वाले और दुकानदार खुश

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में लगने वाला छोटी काशी का ऐतिहासिक चैती मेला इन दिनों अपने पूरे शबाब पर है। मेले में दर्शकों की भीड़ बढ़ रही है जिससे मेला मैदान में अपनी दुकानों को सजाकर बैठे दुकानदारों, खेल, तमाशा वालों के चेहरे खिले हुए है।

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला में इन दिनों भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। 15 अप्रैल से शुरू हुए 15 दिवसीय ऐतिहासिक चैती मेले के समापन में चंद दिन ही शेष बचे हैं। सहालग समाप्त होने, ग्रामीणों के गेहूं कटाई आदि कार्यां से निवृत्त हो जाने के कारण अब मेले में लोगों की आवक बढ़ रही है। सबसे अधिक भीड़ झूलों की तरफ देखने को मिल रही है। जिसमें महिलाओं, युवतियों और बच्चों की संख्या अधिक है। चैती मेला में लगे मौत का कुआं, बिजली चालित कई झूले, ट्रेन, चरखी, निशाना लगाकर गुब्बारे फोड़ने की दुकानों पर खासी भीड़ उमड़ रही है। बच्चे और युवतियां मेला में ब्रेक डांस, टोरा टोरा बिजली चालित झूले आदि का काफी आनंद ले रहे हैं, तो लोग मौत के कुँए में मोटरसाइकिल और कार के करतब देखकर दांतों तले उंगली दबा लेते हैं। मेला परिसर में कई तरह के झूले लगे हैं, इनमें ब्रेक डांस झूला, हवाई झूला, रेंजर झूला, स्लैम्बो क्रॉस झूला सहित छोटे-छोटे झूले भी लगे हैं। इसके आलावा मेले में हरमाल की कई दुकानों, सौंदर्य प्रसाधन, फर्नीचर, कपडे, दरी चादर आदि की दुकानों पर लोग जरुरत के तमाम सामान की खरीददारी कर रहे हैं। मेला मैदान की मशहूर बद्री की मिठाई की दुकान पर लोग इमरती रबड़ी का स्वाद भी चख रहे हैं। शाम होते ही नगर की अलीगंज रोड, मिल रोड, डामर रोड पर खासी भीड़ जमा हो जाती है। शाम को मेलार्थियों का सैलाब मेला मैदान में उमड़ पड़ता है जो देर रात तक मेले में खरीदारी करते सांस्कृतिक मंच पर होने वाले कार्यक्रमों को देखते और मेले में खेल तमाशे, झूले आदि कई जगहों पर मौजूद रहते हैं।

सुरक्षा की दृष्टि से मेला परिसर में कोतवाल इंद्रजीत सिंह पुलिसकर्मियों संग भ्रमण करते रहते हैं। बेहतरीन सजावट, बिजली की झालरों से हो रही जगमगाहट के बीच रात में मेले की सुंदरता दर्शकों को अपनी और खींच रही है, जिससे मेलार्थियों की भीड़ देर रात तक मेले में बनी रहती है। मेले में महिलाओं और युवतियों की भीड़ खाने पीने से लेकर विभिन्न स्टालों पर दिखाई देती है।



चैती मेला में खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

### लोगों को लुभा रहे हैं सांस्कृतिक मंच के कार्यक्रम

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान मे हो रहे छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर 15 अप्रैल को उद्घाटन के दिन सुंदरकांड पाठ के बाद प्रत्येक रात आठ बजे से निरंतर कार्यक्रम हो रहे हैं, जो मेलार्थियों सहित नगरवासियों को लुभा रहे हैं। सांस्कृतिक मंच पर भजन संध्या, स्कूली बच्चों का कार्यक्रम, निरंकारी सत्संग, स्थानीय कवि सम्मेलन, संगीत संध्या, मनोहारी कला केंद्र के कार्यक्रम, टीना परवीन एवं तस्लीम आरिफ की जबाबी कव्वाली, जूनियर गायन, कपिल बाबरा गुरप की झांकी, खाटू श्याम कीर्तन, कुलहिंद मुशायरा और संजोली पांडे के भोजपुरी कार्यक्रम हो चुके हैं। कुछ कार्यक्रमों को छोड़कर सभी में अपार भीड़ उमड़ी है।



### आकर्षण का केंद्र बना है मेला मैदान का फव्वारा

**गोला गोकर्णनाथ।** मेला मैदान में बने फौबारा को आकर्षक बिजली की लाइटों से सजाया गया है। फौब्बारा का रंग बिरंगी लाइटों पर गिरता पानी मेलार्थियों के लिए आकर्षक का केंद्र बना है। जहां युवक और युवतियां सेल्फी लेने से नहीं चूकते हैं।

### दूरस्थ शहरों से आई हैं कई दुकानें

- मुरादाबाद से क्राकरी की दुकान लेकर आए अकील अहमद और कासिम अली की दुकान पर काफी भीड़ रहती है। इनकी दुकान पर 10 रूपए से लेकर 500 रुपये की कीमत में अच्छी डिजाइनदार क्राकरी मौजूद है। वहां मौजूद कई महिला ग्राहकों ललिता, प्रियंका, सुनीता, नीलम के मुताबिक हर तबके व्यक्ति खरीददारी कर सकता है।
- कानपुर से आये दरी, चादर, बैग के व्यापारी नफीस अहमद और इसरार अहमद ने बताया की इस मेले में 50 वर्ष से अधिक समय से दरी, चादर, बैग आदि की दुकान लगाते हैं। उन्होंने बताया की इस वर्ष का मेला अब तक का सबसे ख़राब मेला रहा है। इस वर्ष अन्य वर्षों की अपेक्षा सबसे कम दुकानदारी हुई है।
- लहरपुर के इरफ़ान खान ने बताया की 35 वर्ष से अधिक समय से मेला में उनकी फर्नीचर की दुकान लगती है। वह अपने पिता ताहिर खान के साथ बचपन से मेला आते रहे हैं। इस बार पिता की तबियत ठीक न होने के चलते अकेले मेला में आये हैं। इस वर्ष दुकानदारी कोई खास नहीं हुई है ।
- आर्टिफिसियल ज्वैलरी और फिरोजाबाद से चूड़ी लाकर मेला में दुकान लगाए शहनवाज़ ने बताया कि मेले की शुरुआत में बिक्री कोई खास नहीं हुई पर पिछले तीन चार दिनों से भीड़ जुट रही है और दुकानदारी भी ठीक हो गयी है।
- मेले में लगे झूलों के मैनेजर तबारक ने बताया इस बार नए और आकर्षक झूले लगाए गए है जिनमे विशेषकर बच्चों, महिलाओं और युवतियों की तादाद ज्यादा रहती है ।

# चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर भोजपुरी गीतों की बही बयार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी में ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या से आयी लोकगायिका संजोली पांडे ने अपनी भोजपुरी प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर भोजपुरी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी धर्मेन्द्र गिरि मोन्टी विशिष्ट अतिथि विश्वनाथ सिंह, पीसी गुप्ता, अवधकिशोर त्रिवेदी, विवेक अवस्थी, कार्यक्रम अध्यक्ष अशोक सक्सेना और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।

महुआ, दूरदर्शन, विगंगना, ईटीवी आदि चैनलों में लोक गीतों की प्रस्तुति देने वाली संजोली पांडे ने भोजपुरी गीत गाया- का दइके शिव का मनाई हो शिव मानत नाहीं। राम जी भईले जनमवा हो मन झूमत वा।। अमवा महुईया के झूमे डरिया। चैत में लागत बाकिटनिया हो।। रेलिया बैरिन पिया को लिये जाये रे।। मतदाताओं को जागरूक करने हेतु उन्होंने मतदान गीत प्रस्तुत कर अपनी छटा बिखेरी। आरके इण्टरटेनर्स की प्रस्तुति भोजपुरी लोक संगीत में संचालन राजेश दीक्षित, भोजपुरी गायक अंगद यादव, डांस आर्टिस्ट- गोविंदा जुबली, पायल, डाली, रानी शिवानी ने मिक्सिंग गाना ओल्ड इज गोल्ड दिल लगा लिया तुमसे प्यार करके। साजन साजन तेरी दुलह संजाऊंगी। हाय सरमाउ किस-2 को बताउ तेरी प्रेम कहानियां।। दिल का क्या करें साहेब, हम तुझपे मरते हैं। देर न हो जोय कही देर न हो जाये।।

**भोजपुरी सांग :** कमरिया गोले गोले बोले राजा जी। नोट बरसेला तेरी नथुनयां पे।। लखनऊ से भोजपुरी गायक अंगदराम ओझा ने- कवने वाने बोले ले कोइलिया की कवने बने मोर बोले हो। हरियाना गाजियाबाद गाजीपुर बनेगा, चेयरमैन जी का गोला सिंगापुर बनेगा।। दुनिया वाले हमका कहेला बिहारी मितवा। हमार बलिया बिचे बलमा भुलाई सजनी।। पंकज ने कीबोर्ड, मनोज ने कूफर, सोनू ने आक्टो पैड और गांधी ने नाल तबला पर साथ दिया। इस दौरान कौशल जायसवाल, विजय प्रकाश मिश्र, अरुण अवस्थी, विकास मिश्र, सरोज मिश्रा, राम गुलाम पांडे, रामऔतार यादव, सुनील मिश्रा, मनोज बाथम, आयुष शुक्ला, आर्यन गुप्ता, मनीष पाठक, सभासद शोभित सिंह आदि मौजूद रहे।


चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्जवलित करते अतिथि।


मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते पालिकाध्यक्ष।

### चैती मेला में आज-

ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में 29 अप्रैल 2024 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन शाम आठ बजे से।


सांस्कृतिक मंच पर भोजपुरी गीत प्रस्तुत करती संजोली पांडे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



हादसे में घायल से जानकारी लेते सीओ सफीपुर। घटनास्थल पर मातहतों से जानकारी लेते एसपी। अमृत विचार


सफीपुर सीएचसी में मौजूद भीड़। अमृत विचार


सीएचसी में अपने परिजनों को ढूंढते लोग। अमृत विचार

# तेज रफ्तार व लापरवाही ने छीन ली आठ जिंदगियां

## हादसे के बाद मची चीख- पुकार, अपनों को तलाशते रहे लोग, मौके पर मचा रहा कोहराम, सांत्वना देने वाले भी रो पड़े

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को तेज रफ्तार के कहर से उन्नाव-हरदोई मार्ग उस समय खून से लाल हो गया जब एक निजी बस और सामने से आए तेज रफ्तार ट्रक में सीधी टक्कर हो गई। शाम करीब साढ़े तीन बजे हुए हादसे के बाद सवारियों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़े लेकिन, बस के अंदर का नजारा देख दिल दहल उठा।

सूचना पर सफीपुर कोतवाली पुलिस पहुंची और हृदय विदारक हादसा देख अफसरों को सूचना दी। सीओ ऋषिकांत शुक्ला व एसडीएम नवीन चंद्र ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां इर्तजा खान, सुशीला, हरि नारायण व रुकैया बेगम को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं आशाराम की जिला अस्पताल व लालजी की कानपुर के हैलट पहुंचने से पहले मौत हो गई। मृतकों में एक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। हादसे की खबर के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन सफीपुर पहुंचे। जहां से अधिकांश घायलों को रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल से मोर्चरी तक लोग अपनों को तलाशते रहे। हादसे में जान गंवाने वाली सफीपुर निवासी सुशीला बीमार थी और अस्पताल से दवा लेकर पति दीपक के साथ लौट रही थी। इसमें पति भी गंभीर घायल हुआ है। मछरिया निवासी नसीम की रुकैया बेगम अपने जेठ मो. नईम के साथ शादी में शामिल होने गई थी। साथ में बेटा हसनैन भी था। हादसे में बेटा और जेठ भी घायल हुए हैं। सदर कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर निवासी हरि नारायण बांगरमऊ में एक रिश्तेदार के यहां मुंडन में शामिल होने गए थे। पोस्टमार्टम हाउस पहुंची पत्नी कमला पति का शव देख बेहोश हो गई। इकलौता बेटा किशन भी पिता की मौत से बेहाल रहा। हादसे में जान गंवाने वालों में इर्तजा खान उर्फ लाडले मच्छरदानी बेचने का काम करता था। शहर से लौटते समय हादसे में उसकी भी मौत हो गई। वहीं आशाराम के परिजन हरदोई से मौत की सूचना मिलने पर उन्नाव आ रहे हैं।


जिला अस्पताल में घायलों का हालचाल लेते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार


जिला अस्पताल में बिलखते मृतका सुशीला के परिजन।। अमृत विचार

### बोले सीओ

सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि अभी तक हादसे में आठ की मौत हो चुकी है। उन्नाव व कानपुर में अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। घटना के बाद भाग रहे चालक बरेली निवासी शैलेंद्र सिंह को ट्रक सहित हिरासत में लिया गया है। घटना की हर पहलू पर जांच चल रही है।

### डीएम के निर्देश पर कराए गए एक्सरे

घटना की सूचना पर डीएम गौरांग राठी भी जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों को हाल जाना। उन्होंने सीएमएस डा. रियाज अली मिर्जा को घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। रविवार को छुट्टी होने के कारण एक्सरे विभाग बंद था। टेक्नीशियन को बुलाकर सभी का एक्सरे कराने का निर्देश दिया।

### सैकड़ों लोगों का लगा रहा मजमा

हादसा इतना भयावह था कि जिसने भी यह मंजर देखा उसके होश उड़ गए। हादसे की सूचना पर घायलों व मृतकों के परिजन सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड पहुंचे। जहां घायलों की पहचान कर वे बिलखते रहे। सीएचसी परिसर से लेकर मेन रोड तक सैकड़ों लोगों का मजमा लगा रहा।

### बस चालक व कंडक्टर का नहीं चल सका पता

हादसे का शिकार हुई निजी बस का चालक व कंडक्टर का देरशाम तक कोई पता नहीं चल सका। हरदोई-उन्नाव मार्ग जो पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील है। उसी वजह से आएदिन हादसे होते रहते हैं। जिस ओर जिला प्रशासन का ध्यान नहीं जाता है। इस रोड की मरम्मत के लिये बीते दिनों आए सीएम योगी आदित्यनाथ से भी गुहार लगाई जा चुकी है।

### 25 सीट बस में 42 यात्री थे सवार

हादसे के दौरान बस में छमता से अधिक यात्रियों के सवार होने की चर्चा रही। यात्रियों के अनुसार, हादसे के समय बस में 42 यात्री मौजूद थे। उन्नाव-हरदोई व पुरवा रोड पर डग्गामार बसों का संचालन पुलिस विभाग के सामने खुलेआम होता है। हादसे की जानकारी पर पहुंचे एआरटीओ प्रवर्तन अरविंद सिंह ने घटना की जांच की। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में बस के सभी कागज पूरे थे।

# गंगा में नहाते वक्त डूबे युवक-युवती

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- युवती का शव हुआ बरामद अभी तक नहीं हुई पहचान

**अमृत विचार।** बारासगवर थानाक्षेत्र के बक्सर घाट में गंगा स्नान करते समय एक युवक व युवती गहरे पानी में चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाश उनकी तलाश कराई इस पर युवती का शव बरामद हो गया। लेकिन युवक का पता नही चला। आसपास के लोगों से उसकी पहचान कराने का पुलिस में प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली इसपर शव को मोर्चरी के लिए भेजा गया। वहीं चर्चा रही कि दोनों जानबूझ कर गहरे पानी की ओर गए जबकि घाट मौजूद लोगों ने उन्हे आवाज देकर रोकने का प्रयास भी किया था। एसओ अखिलेश तिवारी ने बताया शव की पहचान के लिए प्रयास किए जा रहे है।



# किसान का काट लिया कान

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव आशाखेड़ा में सैफलपुर का एक किसान खेतों में सरसों काटने गया था, तभी एक दबंग ने किसान को मारा पीटा और कान काट लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। गांव के रहने वाले राजेश साहू ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि वह खेतों में सरसों काटने गया था, तभी संजय लोध से विवाद हो गया। दबंग ने पीड़ित का कान काट लिया।

राजेश साहू की तहरीर पर सोहरामऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ कमल किशोर दुबे ने बताया पीड़ित की तरफ से तहरीर मिली है। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# घर में घुसकर किशोरी से छेड़खानी

संवाददाता,बांगरमऊ उन्नाव

- विरोध करने पर शोहदे ने किशोरी के नाना को पीटा

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र स्थित नाना के घर आई किशोरी के साथ दबंग ने घर में घुसकर छेड़खानी की। विरोध करने पर नाना की पिटाई कर दी। किशोरी ने घटना के बावत पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

क्षेत्र की रहने वाली किशोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने वृद्ध नाना-नानी की देखभाल हेतु कोतवाली क्षेत्र के गांव आई थी। रविवार को वह अपनी नानी के घर पर अकेली थी। तभी पड़ोस में रहने वाला एक युवक उसके घर में घुस आया और उसे जबरन खींचकर कमरे में ले जाने लगा। शोर मचाने पर नानी दौड़ी तो आरोपी उसे छोड़कर भाग निकला। बाद में शोहदे के परिजनों से शिकायत करने पर दबंग ने उसके वृद्ध नाना की चप्पलों से पिटाई कर दी। पीड़िता ने बतौर साक्ष्य नाना की पिटाई का वीडियो पुलिस को सौंप कर शोहदे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।


मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

# स्वास्थ्य मेले में 43 मरीज पहुंचे, दी गई दवाइयां

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रवि प्रकाश सचान, डा. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। प्रभारी ने बताया कि पीएचसी में 43 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# गठबंधन की प्रत्याशी ने घर-घर जाकर मांगे वोट

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** इंडिया गठबंधन में शामिल सपा की प्रत्याशी व पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने शुक्लागंज नगर व आसपास के गावों में जनसंपर्क व नुक्कड़ सभाएं कर भाजपा को हराने की अपील की। इस दौरान साथ चल रहे समर्थक 'अन्नू तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं' का नारा बुलंद करते रहे।

नगर के मोहल्ला शक्ति नगर, ऋषि नगर, बालूघाट, मनोहर नगर, अहमद नगर, पोनीरोड, चंपापुरवा, आनंद नगर व झंडा वाला चौराहा आदि क्षेत्र में घर-घर पहुंचकर लोगों से समर्थन मांगा। उन्होंने बीते 10 वर्षों में नगर व संसदीय क्षेत्र का विकास न होने का दावा करते हुए भाजपा की जमानत जब्त कराने की अपील की। नुक्कड़ सभाओं में पूर्व सांसद ने भाजपा पर बीते कुछ वर्षों में जिले में नफरत की फसल खड़ी करने का आरोप लगाया। पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, वीरेंद्र शुक्ला, हाजी सैय्यद इरफान, शिवशंकर वर्मा, मंटू कटियार, मंजीत यादव, उमालाल यादव व शुभ गुप्ता आदि शामिल रहे।


लोगों को संबोधित करतीं सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन।


भाजपा प्रत्याशी का स्वागत करते क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

# भाजपा प्रत्याशी ने गावों में मांगा समर्थन

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी व सांसद साक्षी महाराज ने रविवार को सफीपुर विकासखंड के दो दर्जन गावों का दौरा कर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए अपने लिए वोट मांगे। उनके साथ क्षेत्रीय विधायक बंबालाल दिवाकर ने डबल इंजन की सरकार द्वारा जनता को विकास की ओर ले जाने का संकल्प दोहराया।

भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज ने मेथिकपुर में सचिन सिंह, अंबाहरा में ग्राम प्रधान लकी रावत, खरगौरा में अजय प्रताप सिंह, लहबरपुर में प्रधान प्रतिनिधि नन्हे सिंह व सलीम में ग्राम प्रधान दिनेश यादव के नेतृत्व मंर जनसंपर्क अभियान चलाया इसके बाद गौरी गांव में सभा में युवा, महिला, गरीब व किसान के मोदी जी कल्याण के संकल्प को दोहराया। कहा कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक आज सबका साथ सबका विकास एक साथ चल रहा है। इस दौरान विधायक बंबालाल दिवाकर ने सफीपुर के बहुमुखी विकास में साक्षी महाराज के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें हर समय सफीपुर की समस्याओं की चिंता रहती है। सभा का आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता अमित कुशवाहा व दीपक कुशवाहा ने किया। इस दौरान लारेंस विमल, गिरीश शुक्ला, जटाशंकर, देवीशंकर, पूर्व प्रधान भगवानदीन रावत, आशीष कनौजिया आदि शमिल थे। इसके बाद मवईभान, अटवा मोहाल ओसियां, बारीथाना आदि गावों में सभा कर भाजपा को वोट देने की अपील की। उनके साथ अमितेश सिंह नंदू, भगवती प्रसाद रावत रहे।

# गगनी खेड़ा, नेतुआ से चोरों ने नकदी व जेवर उड़ाए

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- गृहस्वामी को सुबह चोरी की जानकारी हुई
- नकदी व जेवर के अलावा 9 बकरे भी चोरी कर ले गए

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पश्चिमी चौकी अंतर्गत गगनी खेड़ा और नेतुआ गांव में अज्ञात चोरों ने नकदी, जेवर, जानवर समेत दो लाख से अधिक का माल पार कर दिया। सुबह नींद खुलने पर चोरी की जानकारी हुई। जिस पर पीड़ितों ने चोरी की जानकारी पुलिस को दी है।

गगनी खेड़ा निवासी नरेश निषाद ने बताया कि वह शनिवार रात खेतों में थ्रेसिंग के लिये गया था, रात करीब एक बजे घर पहुंचा। जहां छत पर पत्नी नीलम के साथ सोने चला गया।

इस दौरान मध्य रात्रि अज्ञात चोर दीवार फांदकर घुस गये। जहां चोरों ने कमरे में रखी आलमारी का ताला खोलकर पांच सौ ग्राम चांदी की हाफपेटी, ढाई सौ ग्राम चांदी की पायल, दस हजार की नकदी व दो बकरे और एक बकरी समेत डेढ़ लाख का माल पार कर दिया। इसी तरह नेतुआ गांव में घर के बाहर बंधे संतोष के चार बकरे और हरि के दो बकरे चोर चुरा ले गये। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी जानवर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। पीड़ितों ने चोरी के बावत पुलिस को सूचना दी है।


टूटी अलमारी दिखाती महिला।

मुसीबत — दिल्ली जाने वाले सैकड़ों यात्रियों को बैरंग वापस घर लौटना पड़ा

# बसों को चुनाव आयोग ने किया अधिग्रहीत, यात्री परेशान

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** चुनाव आयोग द्वारा नगर से होकर दिल्ली जाने वाली अधिकांश रोड़वेज बसों को अधिग्रहित कर लिया गया। यहां से दिल्ली के लिए रविवार करीब दो दर्जन बसों के बजाय मात्र आधा दर्जन बसें ही संचालित हो सकीं। ऐसी स्थिति में दिल्ली जाने वाले सैकड़ों यात्रियों को बैरंग वापस घर लौटना पड़ा।

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के हजारों महिला और पुरुष दिल्ली और चंडीगढ़ आदि शहरों में काम-धंधा करते हैं। बीते पखवारे के दौरान जोरदार सहालग के चलते हजारों लोग अपने परिजन अथवा रिश्तेदार के यहां विवाह आदि मांगलिक कार्यक्रमों में आए थे। सहालग समाप्त होने के बाद अप्रवासी मजदूर अपने अपने धंधे और नौकरी पर तेजी से वापस लौट रहे हैं। दिल्ली रूट पर उन्नाव, खुर्जा, बुलंदशहर, लखनऊ, रायबरेली व फतेहपुर डिपो की करीब दो दर्जन रोडवेज बसें संचालित होती रही हैं। इधर लोकसभा चुनाव के चलते दिल्ली रूट पर संचालित अधिकांश बसों को अधिग्रहीत कर लिया गया है। जिससे रविवार को इस रूट पर मात्र आधा दर्जन बसें ही संचालित हो सकीं। रोडवेज बसों के आभाव के चलते नगर के कोतवाली गेट के निकट स्थित अस्थाई बस अड्डे पर तेज धूप और भीषण गर्मी में यात्रियों की भीड़ लगी रही। धूप होने के कारण बस का इंतजार कर रहे लोग बिलबिला उठे। देर शाम तक बसों का इंतजार करने के बाद सैकड़ों यात्रियों को घर वापस लौटना पड़ा।


बस का इंतजार करते यात्री। अमृत विचार

### निजी बस ने मनमाना किराया वसूला

नगर के नानामऊ मार्ग तिराहे पर जबरन अड्डा जमाए एक निजी बस संचालक की पौ बारह हो गई। दिल्ली जाने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ देखकर संचालकों ने करीब आधा दर्जन बसें मंगा ली गईं। यात्रियों से मनमाना किराया वसूल कर उन्हें गंतव्य तक ले गये।

# पराली जलाने से किसानों में दहशत

**बिछिया।** सदर तहसील क्षेत्र में किसानों की खड़ी गेहूं की फसलों में आग लगने से काफी नुकसान देखने को मिल रहा है। अधिकारी नुकसान की रिपोर्ट भेजने की बात कह खानापूर्ति कर रहे हैं। किसान सरकार पर नजरें टिकाए है। कहीं शार्टसर्किट से तो कहीं पराली जलाने से किसानों में दहशत का माहौल है।

विकासखंड बिछिया के गांव पड़री खुर्द के मजरे छिटई खेड़ा में रविवार सुबह कंबाइन मशीन से कटी गेहूं की फसल में पड़ी पराली जलने लगी। जिससे किसानों में हड़कंप मच गया। तेज हवा चलने से आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे 10 बीघे पराली जलकर राख हो गई। इस बीच मां पीतांबरा एचपी गैस एजेंसी को भी चारों तरफ से आग ने घेर लिया। जिससे किसानों में दहशत का माहौल बन गया।

# कार्मिक प्रभारी ने 14 मतदान कर्मियों को ड्यूटी से दी राहत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- अधिकांश मतदान कार्मिकों को चिकित्सकीय आधार पर मिली रियायत

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना ने दो अलग-अलग आदेश जारी करते हुए 14 कार्मिक को चुनाव ड्यूटी से मुक्त किया है। उन्होंने सभी कार्मिक को चिकित्सकीय आधार पर राहत उपलब्ध कराई है।

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन संपंन कराने के लिए तैनात किए गए कर्मचारी ड्यूट कटवाने को विकास भवन की परिक्रमा कर रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों की कमी के चलते उन्हें रियायत नहीं मिल पा रही है। रविवार को कार्मिक प्रभारी द्वारा दो आदेश जारी किए गए हैं, जिसमें परिषदीय विद्यालय की प्रधान शिक्षिका नीलम को सात माह की गर्भवती होने से, जागृति को हाल में हुई मार्ग दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के लिए नर्सिंग होम में भर्ती होने व रुखसाना को उम्र अधिक होने से चलने-फिरने में असमर्थता के चलते ड्यूटी से नाम हटाया गया है। इसी तरह योगमाया गौतम को दो माह के बच्चे की मां होने की वजह से राहत दी गई है। सहायक शिक्षिका पूजा निरंजन को 11 अप्रैल को पति का निधन होने, राज्य बीमा चिकित्सालय कर्मी आशीष कुमार को शारीरिक रूप से अक्षम होने से चुनाव ड्यूटी से छूट दी गई है। इनमें केंद्रीय विद्यालय की शिक्षिका अनिता को उनके पति के सेना में कार्यरत होने से एकल रहने से चुनाव ड्यूटी काटी गई है। सहायक शिक्षिका मोनिका वर्मा को क्षय रोग होने, प्रीति को मिर्गी के दौरे आने, देश दीपिका को ब्रेन ट्यूमर होने और ज्योति, जागृति, शिक्षामित्र बबिता व मीनू सचार को गर्भवती होने की वजह से राहत दी गई है। केंद्रीय विद्यालय की शिक्षिका शालिनी अस्थाना को अर्थराइटिस पीड़ित होने से राहत मिली है।



# हाथों की मेहंदी छूटने से पहले ही पति ने उतार दिया मौत के घाट

## शादी के आठ दिन बाद ही नवविवाहिता को मार डाला, पुलिस ने पति को हिरासत में लिया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



जांच करती पुलिस, मौके पर लगी क्षेत्रीय लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चौकी अंतर्गत मोहल्ला अखलॉक नगर में शादी होकर आई एक दुल्हन की दहेज लोभियों ने बाइक व एक लाख नगद न मिलने पर लात-घुसों से पीटने के बाद गला व मुंह दबाकर हत्या कर दी। शादी के आठवें दिन नवविवाहित की मौत की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बेटी की ससुराल पहुंचे मायके वालों ने जमकर हंगामा किया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर पति को हिरासत में लिया है।



चांदनी।

कानपुर के जाजमऊ स्थित आंबेडकर नगर नई बस्ती नूरी रोड निवासी जुम्मन की 21 वर्षीय बेटी चांदनी की शादी बीती 21 अप्रैल को गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत अखलाक नगर 40 फीट रोड निवासी नदीम पुत्र रफीक से हुई थी। चांदनी के भाई मंसूर ने बताया कि उसने हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था। आरोप है कि ससुरालीजन इसके बाद भी बहन से बाइक व नगदी की मांग कर प्रताड़ित करते थे। इसके बाद पति समेत ससुरालयों ने बहन को लात-घूसों से पीटने के बाद गला व मुंह दबाकर हत्या कर दी। बताया कि रविवार सुबह उसे फोन कर बताया कि उसकी बहन की मौत हो गई है। आकर शव ले जाओ। जिस पर वह परिवार के साथ पहुंचा तो चांदनी के नाक व मुंह से खून निकल रहा था और पास में खून से सनी तकिया भी पड़ी थी। यह देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और सूचना गंगाघाट पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति फोर्स के साथ पहुंचे। जहां मायके वालों को समझा-बुझाकर शांत कराया। शादी के आठ दिन बाद ही नवविवाहिता की मौत पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर मजिस्ट्रेट यशवंत सिंह भी पहुंचे। जहां उनकी देखरेख में शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं मृतका के भाई मंसूर ने पति नदीम, ससुर रफीक, सास आमना, ननद उजाला व देवर नईम के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं आरोपी पति को हिरासत में लिया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की पूरी जांच सीओ सिटी सोनम सिंह करेंगी।

### रात में बहन से हुई थी बात

- मृतका की बहन साइना ने बताया कि शनिवार रात साढ़े 9 बजे उसकी चांदनी से फोन पर बात हुई थी। वह काफी परेशान लग रही थी और रो रही थी। एक घंटे तक बात होने के बाद उसने फोन रख दिया। फिर सुबह सूचना मिली कि उसकी मौत हो गई। बहन साइना ने बताया कि दो दिन पहले नदीम ने अपनी मां पर चाकू से हमला कर दिया था। जिस पर बहन चांदनी ने बीच-बचाव किया था। इसके बाद से वे लोग दहेज में बाइक व नगदी मांग रहे थे। न मिलने पर बहन को मौत के घाट उतार दिया।

### मुंह दबाने से मौत की पुष्टि

- चांदनी के शव का डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। जिसकी रिपोर्ट में पीटने के बाद मुंह दबाने से मौत होने की पुष्टि हुई है। पुलिस का कहना है पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# खेत गए किसान की करंट की चपेट में आने से मौत

**उन्नाव।** मौरावां थानांतर्गत खेत गया किसान जर्जर विद्युत तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। उसकी मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। हिलौली गांव के मोहल्ला खागा निवासी राजू (36) पुत्र रामखेलावन खेती करता था। शनिवार शाम वह घर से डेढ़ किमी दूर अपने खेत में खड़ी फसल की रखवाली करने गया था। खेत के पास निजी ट्यूबवेल में बिजली आपूर्ति के लिये लगे ट्रांसफार्मर में गई एचटी लाइन के तार जर्जर होकर लटक रहे थे। राजू का हाथ तार में छू गया और वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल जाते इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। परिजन पहले शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे। लेकिन, बाद में इसके लिए वे तैयार हुए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पिता रामखेलावन मौरावां थाने में चौकीदार है। बेटे की मौत से मां नन्हा देवी व अन्य परिजन बेहाल हैं। राजू छह भाई-बहनों में चौथे नंबर पर था। एसओ चंद्रकांत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# आग लगने से आठ किसानों की गेहूं की खड़ी फसल राख, मचा हाहाकार

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलागंज थाना क्षेत्र के छिटईखेड़ा गांव के बाहर खेतों में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। तेज हवाएं चलने के कारण आग की लपटें काफी दूर तक फैल गई। आग का विकराल रूप देख किसानों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने तीन घंटे मशक्कत कर आग बुझाई। इस दौरान कई बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

रविवार दोपहर को अचलगंज थाना क्षेत्र के छिटईखेड़ा गांव के बाहर कंबाइन से कटी गेहूं की फसल के अवशेष मे अज्ञात कारणों से आग लग गयी। हवा तेज होने कें चलते आग तेजी से बढ़ने लगी। देखते ही देखते आग दूर तक बढ़ गयी। ग्रामीण निजी संसाधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन हवा तेज होने के कारण आग नहीं बुझ सकी।

आग बढ़ती देख उन्नाव, अंचलगंज और पुरवा की फायर बिग्रेड भी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। वहीं पुरवा कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह भी मौके पर पहुंचे। इसके साथ ही साथ रमई खेड़ा और लाला खेड़ा के ग्रामीण भी नलकूप और बाल्टी से आग बुझाने में जुटे रहे। लगभग तीन घंटे की मशक्कत कें बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से लालाखेड़ा निवासी अन्नू की 10 बिसुवा, राधेलाल 10 बिसुवा, तुलसा की लगभग ढाई बीघा सहित लल्लू, दत्ता, अलोपी, अंकित और सतीश की भी गेहूं की फसल जल गयी। वहीं पड़री खुर्द और छिटई खेड़ा कें किसानों की भी कुछ फसल आग की चपेट मे आने से जल गयी हैं।

लाला खेड़ा के लेखपाल पंकज धीर मौके पर पहुंचे और नुकसान की रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजने की बात कही है।



मौके पर मौजूद अधिकारी व दमकल कर्मी। अमृत विचार

## सोहरामऊ में भी पांच बीघा गेहूं जला

**मौरावां उन्नाव।** मौरावां थानाक्षेत्र के ग्राम इंदौरा गांव के पास रविवार दोपहर किसी ने फसल अवशेष जलाने के लिए खेत में आग लगा दी। तेज हवा चलने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणो ने घरों से दौड़कर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तेज हवाएं चलने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर दिया। आग की सूचना दमकल को दी गई। इस बीच आग से करीब पांच बीघा खेतों मे पड़े फसल के गट्ठर जल गए। खेतो मे पड़ा हजारों क्विंटल भूसा जल गया। वही खेतो के बीच खड़े हरे पेड़ आग से झुलस गए। सूचना के बाद भी दमकल न पहुंचने से ग्रामीण नाराज रहे। लेखपाल मनीष कुमार ने मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया।



हंगामा करते लोग। अमृत विचार

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक को रौंदा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा, पुलिस ने कराया शांत

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत फैक्ट्री से घर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। सांस चलती देख पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे और युवक का शव देख बेहाल हो गए। रविवार को परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर पोस्टमार्टम हाउस में हंगामा काटा। पुलिस व एक सभासद की मध्यस्थता के बाद आर्थिक सहायता दिए जाने की सहमति बनने पर मामला शांत हुआ।



सुल्तान।

आसीवन थानाक्षेत्र के गांव सुभानीखेड़ा निवासी सुल्तान (28) पुत्र शमशेर अली मगरवारा स्थित मिर्जा टेनरी नंबर-2 में मजदूरी करता था। शहर के करोवन मोड़ पर किराए का कमरा लेकर रहता था। शनिवार रात छुट्टी होने के बाद वह बाइक से घर लौट रहा था। शुक्लागंज-उन्नाव मार्ग पर रात करीब 10 बजे मगरवारा चौकी क्षेत्र में डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। उसकी सांस चलती देख पुलिस ने एंबुलेंस से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उसकी जेब में मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया। वह तीन भाइयों में छोटा था। अभी उसकी शादी नही हुई थी। बेटे की मौत से परिजन बेहाल हैं। मगरवारा चौकी इंचार्ज इंद्रदेव उपाध्याय ने बताया कि है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# रखरखाव कार्य के चलते 11 घंटे गुल रही बिजली

**पुरवा उन्नाव।** दही चौकी स्थित 400 केवी केंद्र पर अनुरक्षण कार्य होने से पुरवा पावर हाउस के चार फीडरों में नगर समेत ग्रामीण अचलों फीडरों के गांवों की 11 घंटे आपूर्ति बाधित रही। बिजली न आने से गर्मी में लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

दही चौकी स्थित 400 केवी केंद्र पर रविवार को सुबह 6:27 बजे से 12:10 बजे तक अनुरक्षण कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति बंद करने के लिये विभाग ने जानकारी दी थी। जिस पर रविवार सुबह 6 से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बंद कर केंद्र में कार्य हुआ। इस दौरान सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बंद रही। आपूर्ति बाधित होने से सरकारी कार्यालयों, अस्पताल सहित क्षेत्र के लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

सरकारी कार्यालयों में लगे इनवर्टर भी धड़ाम हो गए। 11 घंटे तक बिजली न आने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। जेई अशोक पाल ने बताया कि दही चौकी 400 केवी में काम होने से मौरावां पावर हाउस से मिलने वाली आपूर्ति बाधित होने से पुरवा पावर हाउस के फीडरों में पुरवा नगर व ग्रामीण अंचलों के चमियानी, बेहटा व मंगतखेड़ा के गांवों की आपूर्ति बाधित रहीं। कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति बहाल की गई।

# पति ने विवाद के बाद घर में लगाई आग, आठ घर चपेट में आए

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- आग से दो सिलेंडर फटे, एक घंटे तक फंसे रहे दो युवक
- आग में फंसे युवकों को दीवार तोड़कर निकाला गया

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के देवारा खुर्द गांव में दंपति में विवाद हो गया। इसके बाद पत्नी के मायके से आये लोग उसे ले जाने लगे। इसी बीच पति ने घर में आग लगा दी। तेज हवा चलने से एक के बाद एक आठ घरों में आग लग गई। लपटें देख मौजूद लोग बाहर भागे।

वहीं, दो युवक कमरे में फंस गये। सूचना पर पहुंची दमकल व पुलिस ने दीवार तोड़कर दोनों को बाहर निकाला। इस दौरान दो सिलिंडर फट गये। जिससे आग और भड़क गई। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान लाखों का सामान स्वाहा हो गया।

देवारा खुर्द निवासी दिनेश का रविवार दोपहर पत्नी अंजलि से विवाद हो गया। जिस पर पत्नी अपने मायके जाने लगी। यह देख दिनेश ने अपने ही घर में आग लगा दी और भाग निकला। तेज हवा चलने से शिवदेवी, बब्लू, सुंदरानी, कुशहर, तेजनारायन, ठाकुर प्रसाद, उर्मिला व जगदीश के घरों में भी आग लग गई। आग देख ग्रामीण दौड़े और घरों में फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला। जबकि, गुरुप्रसाद व शिव कुमार कमरे में फंसे रह गए। जिसकी सूचना गंगाघाट पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी गई।

लेखपाल सत्यम शर्मा ने पीएनसी का टैंकर मंगाकर आग बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से शिवकुमार के घर की दीवार तोड़ी गई और अंदर फंसे शिवकुमार व गुरु प्रसाद को गंभीर हालत में बाहर निकाला गया। इसकी सूचना एंबुलेंस को दी गई।

सूचना पर पहुंचे कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। आग बुझाते समय शिव कुमार के घर में रख दो सिलिंडर फट गए। तेज आवाज सुन ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। हालांकि, आग बुझने के बाद भी घरों में रखा भूसा व गेहूं सुलगता रहा। आग से लोगों की गृहस्थी व लाखों का अन्य सामान स्वाहा हो गया।

आठ घरों में आग लगने के बाद ग्रामीणों ने दिनेश के विरुद्ध गंगाघाट पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दिनेश गांव छोड़कर भाग गया है।



आग बुझाते फायर कर्मी। अमृत विचार

### घर में रखे थे छह सिलेंडर

- शिव देवी के घर में दो दिन पहले शादी थी। उसके घर में छह सिलिंडर रखे थे। जिसमें दो सिलिंडर तेज आवाज के साथ फट गये। यदि अन्य सिलेंडर भी फटते तो और बड़ी घटना हो सकती थी।

### आत्महत्या करने जा रहा था दिनेश

- ग्रामीणों ने बताया कि दिनेश व उसकी पत्नी अंजलि में अक्सर विवाद होता था। पत्नी के मायके जाने पर उसने आत्महत्या करने जा रहा था। उसी के चलते गांव में आग लग गई।



बाहर निकालकर रखे गये सिलेंडर।



बिलखतीं शकुंतला देवी।

### सूचना के डेढ़ घंटे बाद पहुंची एंबुलेंस

- शिवकुमार व गुरु प्रसाद को किसी तरह बाहर निकाला गया। जहां लेखपाल ने एम्बुलेंस को सूचना दी। इसके बावजूद डेढ़ घंटे बाद एम्बुलेंस पहुंची। इस दौरान दोनों घायल कराहते रहे। रविवार दोपहर गांव के बाहर आग लगी और उसी तरफ हवा चल रही थी। यदि हवा गांव की ओर होती तो पूरा गांव आग की चपेट में आ जाता। आग इतनी विकराल थी कि इसकी चपेट में आए गांव के बाहर लगे दर्जनों पेड़ झुलस गये। दमकल कर्मी काफी देर तक सुलग रहे पेड़ों की आग बुझाते रहे।



धू-धू कर जलता शिवदेवी का घर। अमृत विचार

चुनावी सभा | बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद बोले, बसपा नहीं लेती धन्नासेठों से चंदा

# युवाओं से नौकरी छीन कर राशन दे रही भाजपा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



संबोधित करते आकाश आनंद।



सभा में मौजूद समर्थक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो धन्नासेठों के बजाए मिशनरी कार्यकर्ताओं के सहयोग से अपनी आर्थिक जरूरतें पूरी करती है। सपा जहां परिवार के लोगों को जनप्रतिनिधि बनाती है। वहीं सबसे अधिक 60 वर्ष तक केंद्र में काबिज रही कांग्रेस ने सत्ता में रहते कभी एससीएसटी व ओबीसी को जनसुविधाएं देने की जरूरत नहीं समझी। इसी तरह भाजपा साल में करीब 12 हजार का राशन देकर ढाई लाख सालाना वाली नौकरी छीन रही है। बिना किसी के बहकावे में आए अब बसपा प्रत्याशी को लोकसभा पहुंचाना है।

यह बात रविवार को शहर के रामलीला मैदान (साकेत धाम) में बसपा के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश आनंद ने पार्टी उम्मीदवार अशोक पांडेय के समर्थन में आयोजित जनसभा में कही। उन्होंने कैडर (बसपा के मूल कार्यकर्ताओं) को आगाह किया कि नीला गमछा डालकर मिशन से भटकाने पहुंचने वालों से सावधान रहें और अधिक से अधिक मतदान में हिस्सा लें। युवा कार्यकर्ताओं से पार्टी के मतदाताओं को भ्रमित करने वाले बहुरुपियों की चप्पलों से जमकर पिटाई करने की सलाह भी दी।

कहा महंगाई कम करने व कालाधन वापस लाने के वादे पर फेल रहने वालों को अब तीसरी बार वोट देने की जरूरत नहीं है। देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराकर दुनिया के सामने भारत का मान गिराया जा चुका है। चुनावी वादे के मुताबिक सरकार ने दो करोड़ युवाओं को रोजगार दिया होता तो यह नौबत ही नहीं आती। नोट बंदी के बाद भी कालाधन नहीं आया। आरोप लगाया कि डिजिटल इंडिया का नारा देने वाली सरकार ने शिक्षा को बदहाल किया है। युवाओं से मुखातिब होते हुए कहा कि जिस प्रकार भाजपा सरकार पेपर लीक करा रही है वैसे ही इस चुनाव में उनका वोट भी लीक करके दिखाइये। उन्होंने कहाकि समाजवादी पार्टी वालों का पूरा परिवार चुनाव क्यों लड़ता है? क्या यादवों सहित ओबीसी व अन्य वर्गों में इस पार्टी को उम्मीदवार नहीं मिलते? इसी तरह कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि 60 वर्षों तक केंद्र में सत्तारूढ़ रहते हुए आखिर कभी बाबा साहब के अनुयायियों की सुध क्यों नहीं आई। उन्होंने प्रदेश की मुख्यमंत्री रहते मायावती द्वारा बालिकाओं की बेहतरी के लिए चलाई गई योजनाएं भी गिनाईं। सभा के दौरान बसपा जिलाध्यक्ष रामबिलास गौतम, मूलचंद्र लोधी, विनोद त्रिपाठी, दिनेश आदि मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में 20 हजार घरों में 12 घंटे गुल रही बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार देररात फीडर एक में फाल्ट होने के कारण शुक्लागंज के एक दर्जन से अधिक मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। बिजली कर्मियों ने फाल्ट ढूंढा। जिसके बाद मरम्मत किया। इस दौरान बारह घंटे तक 20 हजार घरों की बिजली गुल रही।

रात करीब एक बजे विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान फीडर एक में एचटी लाइन टूट गई। जिससे शुक्लागंज के एक दर्जन से अधिक मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने की सूचना पर बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग की। जहां सहजनी चौराहा के पास बाबाखेड़ा में एचटी लाइन टूटी मिली। जिस पर बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया।

दोपहर करीब एक बजे फाल्ट की मरम्मत हो सकी। जिसके बाद आपूर्ति चालू की गई। इस दौरान फीडर एक के करीब बीस हजार घरों की बिजली गुल रही। पूरी रात बिजली न आने से गर्मी में लोग बिलबिला उठे।

# मधुमक्खियों से बचने के लिए नहर में कूदा, डूबकर हुई मौत

संवाददाता बिछिया उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थानाक्षेत्र के कलंदर खेड़ा गांव स्थित अपनी ससुराल आए वृद्ध पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। उनसे बचने के चक्कर में वृद्ध नहर में कूद गया। जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।



लल्लू यादव।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मगरवारा गांव के मजरा रुपनी खेड़ा निवासी लल्लू यादव (60) पुत्र स्व. छेदी की ससुराल दही थानाक्षेत्र के रायपुर बुजुर्ग गांव के मजरा कलंदर खेड़ा में है। उसने वहां खेती खरीद रखी है। शनिवार को वह गेहूं की फसल कटवाने गया था। लेकिन, रात में वापस नहीं लौटा। रविवार सुबह अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला बोल दिया। उनसे बचने के प्रयास में भागते समय वह अनियंत्रित होकर औंधे मुंह नहर में गिर गया।

वहां से निकले ग्रामीणों की सूचना पर परिजन पहुंचे और उसे निकाला। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बेटे राहुल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इसमें उसके शरीर में सैकड़ों डंक मिले हैं और डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई है।



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

### मुआवजे को लेकर किया हंगामा

**उन्नाव।** रविवार को दिवंगत युवक के परिजनों ने मुआवजे को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। मगरवारा व अस्पताल चौकी पुलिस पहुंची और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। इसी बीच सभासद मोनू दीक्षित व पूर्व सभासद शानू ने मध्यस्थता कर फैक्ट्री मैनेजर मुनव्वर अली से परिजनों की बात कराई। जिसमे दो लाख नगद के साथ माता-पिता को पेंशन और भाई को नौकरी देने पर सहमति बनी। इसके बाद परिजन शांत हुए।

## एक नजर

### लकड़ी बीन रही महिला को पीटने का आरोप, दी तहरीर

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलहरी में लकड़ी बीनने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। क्षेत्र के ग्राम बिलहरी निवासी फिरोज ने बताया रविवार को दोपहर उसकी मां हसीना गांव के बाहर लकड़ी बीनने गई थी, तभी गांव के रतीराम ने उसकी मां से गाली-गलौज किया। गाली देने से मना करने पर लात घूसों और डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस लाइन में किया गया दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास

**हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी। शांति व्यवस्था और किसी भी आपातकाल से निपटने के लिए रविवार को पुलिस लाइन में पुलिस ने एसपी केशवचन्द गोस्वामी और एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार के निर्देश पर दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया। एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि किसी भी आपातकाल से निपटने के लिए तैयारी जरूरी होती है। किसी भी प्रकार घटना हो जाने पर पुलिस फोर्स की तैनाती, लोगों की सुरक्षा सहित अनेक प्राथमिकता पर तैयारियों का जायजा लिया गया। एडिशनल एसपी पूर्वी का पुलिसकर्मियी से साफ साफ कहना है कि चुनाव में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने बालो को किसी भी हालत में नही बक्शा जाएगा। चुनाव के मद्देनजर आंतरिक सुरक्षा योजना के तहत पुलिस कर्मियों का पूर्वाभ्यास कराया गया। जिसमें अचानक कोई दंगा हो तो उससे निपटने रूफ टॉप ( छत पर चढ़ कर) ड्यूटी, ट्रैफिक डायवर्जन, फिक्स पिकेट ड्यूटी, मोबाइल ड्यूटी की जानकारी दी गई। आरआई यशवन्त प्रताप सिंह ने नेतृत्व में यह पूर्वाभ्यास हुआ। बिलग्राम कोतवाली में पुलिस कर्मियों ने दंगा नियंत्रण गतिविधि का अभ्यास किया। इस दौरान कस्बे में भी भ्रमण कर अभ्यास किया गया। एसपी केशव चंद के निर्देशन में बिलग्राम कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मियों ने बॉडी प्रोटेक्टर टियर गन हेलमेट सहित साजो समान के साथ दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया।

# ट्रेन में भूख से रोया बच्चा तो दूध बनाने को रेलवे ने उपलब्ध कराया गर्म पानी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** भारतीय रेल यात्रियों को सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सोशल मीडिया पर प्राप्त शिकायतों का रेल प्रशासन लगातार संज्ञान लेकर समाधान भी करता है। कई बार ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों की तबीयत बिगड़ने पर भारतीय रेल उनको दवा से लेकर डॉक्टर तक उपलब्ध कराती है। इसी कड़ी में रविवार को रेलवे ने दून एक्सप्रेस में परिजनों के साथ सफर कर रहे बच्चे को भूख लगने पर उसके दूध के लिए गर्म पानी उपलब्ध कराया है।

हरदोई स्टेशन अधीक्षक विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि एक परिवार अपने एक वर्षीय बच्चे के साथ वाराणसी से हरिद्वार के बीच 13009 दून एक्सप्रेस में यात्रा कर रहा था। ट्रेन के लखनऊ निकलने के बाद बच्चे को भूख लगी, परिजनों के पास दूध पाउडर था लेकिन दूध बनाने के लिए गर्म पानी नहीं था। इस पर यात्री ने सोशल मीडिया पर रेल प्रशासन से गर्म पानी की मांग की। यात्री की मांग पर रेलवे बोर्ड तुरंत हरकत में आया और मुरादाबाद मंडल को इस बाबत निर्देशित दिया। जिस पर मंडल रेल कार्यालय मुरादाबाद ने सीएमआई मनीष बाजपेई को तत्काल दूध उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीएमआई ने तत्परता दिखाई और रेल नीर की बोतल को खुलवाकर पानी गर्म कराया और संडीला रेलवे स्टेशन पर दून एक्सप्रेस के पहुंचते ही बच्चे के परिजनों को गर्म पानी उपलब्ध कराया। इसके बाद दंपति ने दूध बनाकर बच्चे को पिलाया। रेलवे ने बच्चे की सलामती के लिए दंपति यात्री को दूध भी फ्री में दिया। रेल यात्री ने इस संवेदनशीलता और तत्परता के लिए अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### ट्रेन में नहीं थी पैंट्री की सुविधा

पैंट्री कार रेलवे प्रणाली का सबसे अहम हिस्सा है। यात्रियों के लिए उनकी सुविधा के लिए भोजन यानी खाने की व्यवस्था का अरेंजमेंट यहीं से किया जाता है। लेकिन इस ट्रेन में पैंट्री कार का डिब्बा नहीं था। इस वजह से यात्री ने मोबाइल से सोशल मीडिया पर मदद मांगी, रेलवे ने इस पर तत्परता दिखाते हुए संडीला स्टेशन पर ट्रेन रोककर एक मिनट में बच्चे को गर्म पानी उपलब्ध कराया।

> ट्रेन में पैंट्री की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। ट्रेन सिर्फ 1 मिनट के लिए संडीला स्टेशन पर रूकती है, इतने समय में गर्म दूध की व्यवस्था नहीं हो सकती थी। इसलिए डीआरएम मुरादाबाद ने तत्काल दूध उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिसके लिए ट्रेन कुछ समय के लिए रोकी गई।
>
> -विजय कुमार सिन्हा, स्टेशन अधीक्षक हरदोई

### टंकी व पाइप लाइन के बाद भी आधे गांव में नहीं आ रहा पानी

**बावन, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बा में पानी की समस्या के चलते ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की टंकी है। पाइप लाइन है, लेकिन पानी नहीं है। सिर्फ आधे गांव में ही पानी आ रहा है। ज्यादा कनेक्शन होने की बजह से आधे गांव में पानी नहीं आ रहा है। बावन कस्बे में अमृत योजना के तहत एक पानी की टंकी लगी है। सबके घरों तक पाइपों की फिटिंग की गई है उससे घर घर में पानी सप्लाई होता है। ज्यादा कनेक्शन होने की वजह से आधे घरों में पानी नहीं आ रहा है। इस समस्या को दो साल हो गया है, परंतु समाधान नहीं हो पा रहा है। एक और टंकी लगे तब जाकर घर-घर में पानी पहुंच पाएगा। जिसको लेकर तैयारी शुरू की गई है। बावन के प्रधान प्रतिनिधि हमीद अहमद पप्पू ने बताया कि सिर्फ एक टंकी है उस पर लोड ज्यादा है। दूसरी पानी की टंकी के लिए जल निगम को पत्र लिखा जा चुका है। जल्द ही बात करके दूसरी पानी की टंकी बनवाई जाएगी, तब जाकर पानी की समस्या खत्म होगी। बावन कस्बे के निवासी डॉ फहीम खान, नाजिम खान शनील, नौमान मंसूरी, सगीर कुरैसी पप्पू, लईक खान, इंतजार हुसैन, मंजेश गुप्ता आदि ने पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।


सप्लाई न होने से शोपीस बना नल। अमृत विचार

# मतदान कार्मिक विनम्र और निष्पक्ष रहकर करें कार्य

## प्रेक्षक एम सुन्दरेश बाबू व जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ किया संवाद

हरदोई

**अमृत विचार।** रसखान प्रेक्षागृह में लोकसभा हरदोई के प्रेक्षक एम सुन्दरेश बाबू की उपस्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस सेक्टर के साथ संवाद किया।

प्रेक्षक ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये। मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं की जांच कर ली जाये। वलनरेबल व क्रिटिकल बूथों की विशेष निगरानी की जाये। आचार संहिता के उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई की जाये। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन होता है। चुनाव आयोग की ओर से जारी ऐप के बारे में लोगों को बतायें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सम्बंधित अधिकारी मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के बारे में अच्छी तरह से जानकारी कर लें। अपने व्यवहार को विनम्र रखें तथा निष्पक्ष रहकर कार्य करें। अपने सेक्टर में आचार संहिता के उल्लंघन पर नजर रखें।

सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान केन्द्र के बारे में पूरी जानकारी रखें। मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की संख्या की पूरी जानकारी रखें। वलनरेबल व क्रिटिकल बूथों के बारे में जानकारी रखें। मतदान दिवस पर कम से कम 3 बार प्रत्येक बूथ पर अवश्य पहुंचें। मतदान पार्टी की रवानगी के दिन समय से उपस्थिति सुनिश्चित करें। अपनी मतदान



पार्टियों के संपर्क में रहें। पीठासीन अधिकारियों का एमपीएस ऐप पर रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित कर लें। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपनी सभी मतदान पार्टियों को निर्धारित वाहन में बैठाकर शीघ्र रवानगी सुनिश्चित करें। पार्टियों की रवानगी के पश्चात अपने एआरओ से रिजर्व सामग्री प्राप्त कर लें तथा एआरओ की अनुमति से अपने सेक्टर को रवाना हो जाएं। आपात स्थिति के लिए महत्वपूर्ण मोबाइल नंबर अपने पास रखें ताकि मतदान पार्टियों को तत्काल सहायता पहुंचायी जा सके।

पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि पुलिस अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ समन्वय कर कार्य करें। सभी अधिकारी रूट की पूरी जानकारी रखें। व्यवहार में निष्पक्ष होने के साथ ही निष्पक्ष दिखाई भी पड़ें।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस चुनाव में मानदेय का भुगतान ऑनलाइन किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी राकेश सिंह व विजय सिंह ने मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा ने मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के बारे में बताया। बताया कि मॉक पोल होने, मतदान प्रारम्भ होने तथा उसके पश्चात प्रत्येक दो घंटे पर व मतदान की समाप्ति पर मतदान प्रतिशत की सूचना इस ऐप के माध्यम से दी जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मतदाता पर्ची व प्रत्येक परिवार को दी जा रही वोटर गाइड

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक मतदाता को मतदाता पर्ची व प्रत्येक परिवार को वोटर गाइड दी जा रही है है। सहमति देने वाले दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं की वोटिंग 6 से 10 मई तक करायी जाएगी। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा में दो टीमें लगायी गयी हैं। प्रत्येक विधानसभा में महिलाओं, दिव्यांगों व युवाओं को समर्पित बूथ बनाये गए हैं। सभी बूथों को मॉडल बूथ बनाया गया है। बूथों पर व्यवस्थाओं में कोई कमी पाए जाने पर तत्काल सम्बंधित बीडीओ से संपर्क करें।

### मतदान के बाद भरी होनी चाहिए पीठासीन की डायरी

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान केन्द्र से 200 मीटर के अंदर किसी राजनीतिक दल का कार्यालय नहीं होगा। मतदान के बाद यह जरूर देखें कि पीठासीन की डायरी ठीक से भरी हो। ईवीएम को ठीक से क्लोज किया गया हो। प्रत्येक भ्रमण के दौरान डायरी पर टिप्पणी अवश्य लिखी जाये। सभी सूचनाओं का प्रेषण समय से किया जाये। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक मतदान कर्मी को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर उसके बूथ की सूचना दी जाएगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टियों को सामग्री प्राप्त करने में पूरी सहायता करें।

### सब्ज़ी तोड़ने गए युवक की नदी में डूब कर मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** गर्रा नदी के किनारे सब्ज़ी तोड़ने के बाद युवक नदी में नहाने लगा, उसी बीच वह गहरे पानी में डूब गया, वहां मौजूद उसके भाई का शोर सुनकर दौड़े लोगों ने उसे पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पाली थाने के खारा कुआं बेनीगंज निवासी सूरज कश्यप (28) पुत्र शिवरतन कश्यप सब्ज़ी की खेती करता था। धर्मपुर गांव के पास गर्रा नदी उसका सब्ज़ी का खेत है। रविवार की सुबह सूरज अपने भाई अमित के साथ खेत पर सब्ज़ी तोड़ने गया हुआ था, जैसा कि अमित ने बताया कि सब्ज़ी तोड़ने के बाद सूरज वहीं गर्रा नदी में नहाने लगा, उसी बीच वह गहरे पानी में चला गया। इधर काफी देर बाद जब सूरज वापस नहीं आया तो अमित ने शोर मचाया, जिस पर आस-पड़ोस मौजूद लोग दौड़ पड़े। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।



### गर्मी के तेवर तीखे

**हरदोई, अमृत विचार।** चिलचिलाती गर्मी से मौसम का मिजाज दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। मौसम के तेवर देखकर लोग पसीने-पसीने हो रहे हैं। रविवार के मौसम तापमान अधिकतम 39 तथा न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह 10 बजे के बाद खुले आसमान में लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में वातानुकूलित भवनों और वाहनों के शौकीन के लिए चिलचिलाती धूप में घर से निकलना का जोखिम हो सकता है। खुली धूप में किसी का भी ठहर पाना या बाहर रह पाना मुश्किल होता है।

# परिवार के साथ मतदान करने जरूर जाएं

हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खण्ड बावन के ग्राम पंचायत दोली में चुनाव पाठशाला का आयोजन डा. राम प्रकाश खण्ड विकास अधिकारी बावन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया तथा मतदाता शपथ दिलायी गयी व मतदाता रैली भी निकाली गयी। चुनाव पाठशाला में उपस्थित मतदाताओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाये विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गयी तथा उपस्थित मतदाताओं द्वारा प्रातः सपरिवार वोट डाले



वोट के लिए जागरूक करते लोग। अमृत विचार

जाने का आश्वासन दिया गया, ग्रामवासी/मतदाताओं द्वारा अवगत कराया गया कि वह शत-प्रतिशत वोट के लिए जागरूक कर रहे हैं। उपस्थित बीएलओ अध्यापक व बच्चों को अपने अभिभावकों को सपरिवार अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित व निर्देशित किया गया। बाइक, कार के स्टिकर व कैलेन्डर का भी वितरण ग्रामवासियो को किया गया।

इसके अतिरिक्त प्राथमिक पाठशाला जटोली में बूथ संख्या 32 प्राथमिक पाठशाला सुहेड़ी के बूथ संख्या 4 में मतदाता शपथ दिलायी गयी तथा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राम प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी बावन, बीएलओ एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निर्वाचन से संबंधित रचित पंक्तियां भी सबको सुनायी गयीं।

## सार-संक्षेप


सत्संग में शामिल विधायक आशीष सिंह व मौजूद सेवादार। अमृत विचार

### सावन कृपाल रूहानी मिशन का साप्ताहिक सत्संग

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** सावन कृपाल रूहानी मिशन के राजिन्दर आश्रम स्टेशन रोड पर साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें सेवादारों विधायक आशीष सिंह पटिका देकर सम्मानित किया। रविवार को राजिन्दर आश्रम में साप्ताहिक सत्संग में मुख्य रूप से विधायक आशीष सिंह आशू ने बताया कि युग पुरुष राजिन्दर सिंह महाराज का संदेश हमें सबसे प्यार है। यह एक प्रेरणादाई संदेश है और मेरा भी प्रयास है कि मैं अपनी विधानसभा की हर नागरिक में प्रेम का संदेश फैलाऊ इसी के साथ उन्होंने कहा धर्म एवं मानवता की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह ने अपने पुत्रों के साथ बलिदान दिया, इससे हम सभी को सीख प्राप्त करनी चाहिए। उसके पश्चात विधायक आशू ने सेवादारों को पटिका देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष हरि शंकर कनौजिया, सचिव गजेंद्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष शिवपाल, बृजेश कुमार, डॉ रामकिशोर, नीलम देवी पुष्पा देवी, शबनम पांडे सहित तमाम अनुयायी मौजूद रहे।

### नदी में बहकर आया महिला का शव, शिनाख्त नहीं

**हरदोई, अमृत विचार।** गर्रा नदी में कई दिन पुराना महिला का शव दिखने से हड़कंप मच गया। पुलिस का कहना है कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। फिलहाल जांच की जा रही है। रविवार को पाली थाने के मेंहदीपुर के पास गर्रा नदी में महिला का शव देखा गया। 30 से 32 साल की महिला ने हरा शलवार सूट पहन रखा था। पुलिस का कहना है कि शव कई दिन पुराना है। कहीं से बह कर मेंहदीपुर तक पहुंचा। पुलिस ने शव को बरामद कर उसकी जांच शुरु कर दी है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ भी कहा जा सकता है।


कार्यक्रम में शामिल उलेमा व मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

### हक़ और हुकूक का अलम थे मौलाना अब्दुल अलीम

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** मौलाना अब्दुल अलीम फारूकी ने हमेशा हक़ और हुकूक की पैरवी की, कौम के बेहतर मुआशरे को और बेहतर बनाने के लिए न सिर्फ कड़ी मेहनत की, बल्कि बच्चो की अच्छी तालीम के लिए हमेशा आवाज़ उठाई। शनिवार को कस्बे की मस्जिद सैय्यदा सिद्दीक-ए-अकबर में मौलाना अब्दुल अलीम फारूकी की ताज़ियती प्रोग्राम हुआ। जिसमें उलेमाओं ने शिरकत करते हुए उनकी रूह की तस्कीन के लिए दुआएं मग़फिरत की। तिलावत-ए-कुरआन पाक से प्रोग्राम का आगाज़ हुआ। मुफ्ती जफरुद्दीन कासमी ने कहा कि मौलाना का इंतकाल कौम का बड़ा नुकसान है। उन्होंने दीनी तालीम व अकायद के लिए जो कोशिशें कीं वो ना काबिले फरामोश हैं। मौलाना ने हक बात कहने में कभी समझौता नहीं किया। तहरीक-ए-मदहे सहाबा से वाबस्ता रहे। मौलाना उस्मान गनी इमाम ईदगाह ने कहा कि मौलाना फारूकी की जिंदगी सादगी और पाकीज़गी की मिसाल थी। उन्होंने मदहे सहाबा के लिए जो कुर्बानियां दीं उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौलाना सबीहुद्दीन कासमी ने कहा कि मौलाना का दीनी काम रोजे रौशन की तरह अया रहेगें मदहे सहाबा से उनका गहरा ताल्लुक था, उन्हे सहाबा की शान में गुस्ताखी किसी भी कीमत पर बर्दास्त नही थी। इस बीच आरज़ू पिहानी, हाफ़िज़ अतीक, मौलाना इमरान, मुफ्ती अहसान, हाफिज़ सलीमुल्ला, मुईनुद्दीन अंसारी, मौलाना आसिम, कारी सिराजुद्दीन, जहीरुद्दीन अंसारी, हैरत पिहानवी, फहीम पिहानवी के अलावा भारी तादाद में लोगो ने शिरकत की।

# गर्भवती की पिटाई से बच्चे की मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** मायके में रह रही गर्भवती अपने तीन वर्षीय बेटे के साथ पूजा करने मंदिर गई हुई थी, उसी बीच उसे ससुराल वाले रास्ते में मिल गए। आरोप है कि बच्चे को छीन रहे ससुराल वालों ने गर्भवती की पिटाई कर दी, जिससे उसके बच्चे की गर्भ में ही मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ भी कहा जा सकता है।

अतरौली थाने के नई गढ़ी निवासी सुधीर कुमार का आरोप है कि उसने अपनी पुत्री सारिका की शादी उसी थाने के पितौली निवासी रामेन्द्र के साथ की थी। सारिका गर्भवती थी और करीब दो महीने से मायके में रह रही थी। शुक्रवार को सारिका अपने तीन वर्षीय पुत्र प्रदुम्न को साथ लेकर जंगली शिव मंदिर पूजा करने गई हुई थी। वहीं रास्ते में सास विमला, देवर श्यामवीर उर्फ़ छोटू और ससुर राजेन्द्र उसके पास पहुंचे और प्रदुम्न को अपने साथ ले जाने के लिए उसे छीनने लगे। सारिका ने विरोध किया तो ससुराल वालों ने उसकी पिटाई कर दी। सुधीर का कहना है कि घर पहुंचते ही सारिका की तबियत बिगड़ गई और प्रसव पीड़ा होने लगी। शनिवार को उसे सीएचसी भरावन ले जाया गया, जहां उसने मरे हुए बच्चे को जन्म दिया। पुलिस ने सुधीर की तहरीर पर बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### खेत में खड़ी फसल नष्ट करने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरवा पिपरिया में दबंगों पर जमीन पर कब्जे की नीयत से खेत में खड़ी फसल नष्ट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम पुरवा पिपरिया निवासी वीरपाल ने बताया कि वह संक्रमणीय भूमिधर किसान है। भूमि पर वह फसल बोता और काटता है। गांव के दबंग बाबूराम ने उसकी भूमि पर कब्जा करने की नीयत से फसल को नष्ट कर दिया। विपक्षी से पूछने पर विपक्षी व उसके पुत्रों रामरहीस, अर्जुन और सौरभ ने गाली-गलौज कर भगा दिया।

### अब शहर के नो एंट्री जोन में घुसे भारी वाहन तो थानेदारों पर होगी कार्रवाई, भेजी गई चिट्ठी

**हरदोई, अमृत विचार।** अब अगर नो एंट्री क्षेत्र से बड़े वाहन छोड़े गए और शहर में जाम लगा तो थानेदारों की खैर नहीं। शहर में लगातार लग रहे जाम के मद्देनजर एडिशनल एसपी पूर्वी ने 6 थानेदारों को चिट्ठी जारी करके नाराजगी जताई है। इन थानों के सीओ को सुपरवीजन का आदेश जारी हुआ है। शहर में बड़े वाहनों की बजह से आये दिन जाम लगता है। जबकि शहर में बड़े वाहनों पर सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक पूणत्या रोक है। बड़े वाहन नो एंट्री पर ही खड़े रखने का आदेश है फिर भी ऐसा नहीं हो रहा है। हरदोई- शाहजहांपुर मार्ग पर बेहटा गोकुल में, पिहानी-हरदोई मार्ग पर आठ मील तिराहा पर, हरदोई-लखनऊ मार्ग पर बघोली चौराहे पर, हरदोई-सीतापुर मार्ग पर इटौली पुल के पास, हरदोई-बिलग्राम मार्ग पर सेमरा चौराहे पर और हरदोई-फरुखाबाद मार्ग पर बावन में पुलिस के नो एंट्री पॉइंट बने हुए है और वहां पर पुलिस मौजूद रहती है। फिर भी वहां से वाहन छोड़ दिये जाते हैं जिस कारण शहर में जाम लग जाता है। एसपी केशवचन्द गोस्वामी के निर्देश पर एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बेहटगोकुल, लोनार, हरियावां, बघौली, टड़ियावां, और सुरसा के थानेदारों को चिट्ठी जारी की है।

# नगर पालिका की उपेक्षा का शिकार हो रहा पिहानी कस्बा

खालिद अय्यूबी, हरदोई

**अमृत विचार।** राजा-महाराजाओं को पनाह देने वाली पिहानी को एक अलग पहचान दिलाने और ऊंचें मुकाम तक पहुंचाने की कोशिश दम तोड़ती नज़र आ रही है। किसी दौर में अल्ताफ राजा की गज़ल 'दिल तोड़ कर हंसते हो मेरा, वफाएं मेरी याद करोगी...' आज के दौर की पिहानी के दर्द को साफ बयां कर रही है।

नगर पालिका परिषद की अनदेखी के चलते उसकी तस्वीर को और खूबसूरत करने के लिए वहां बनाया गया सेल्फी प्वाइंट का दिल टूट कर चूर-चूर हो गया। उस तरफ से गुज़रने वाले सेल्फी प्वाइंट को देखते ही 'दिल तोड़ कर....' गुनगुनाते हुए निकल जाते है। कहा



पिहानी कस्बे में पूर्व में बनवाया गया सेल्फी प्वाइंट। अमृत विचार

जा रहा है कि सारा कुसूर सियासी सितम है, पिहानी का दिल भी उसी सियासत का शिकार होने से नहीं बच सका। सच कहे तो पिहानी सितमगर सियासत से पनाह मांग रही है। राजा-महाराजाओं को पनाह देने वाली पिहानी की सरज़मी ने रसखान जैसे आला दर्जे के लोग दिए। हालांकि पहले की पिहानी और आज की पिहानी में ज़मीन आसमान का फर्क है। लेकिन फिर भी उसे अलग पहचान दिलाने और ऊंचे मुकाम पर पहुंचाने की कोशिश की गई। इससे पहले के चेयरमैन रहे जमाल साजिद उर्फ चांद मियां पिहानी के स्टेटस को बदलने के लिए सेल्फी प्वाइंट बनवाया। आई के बाद दिल बना कर आगे पिहानी लिखा गया था, सेल्फी प्वाइंट बनने के बाद से दूर-दूर से आने वाले लोग पिहानी के साथ सेल्फी लेने के लिए दीवाने हो जाते थे। जो पिहानी पहुंचता, सेल्फी के बगैर वापस नहीं लौटता था। इसी तरह धीरे-धीरे दिन गुज़रते रहे और फिर पिहानी का निज़ाम बदल गया।

बस उसके बाद से ही पिहानी के दिल में दर्द ने अपनी जगह बना ली। आज का नहीं बल्कि काफी वक्त हो चुका है, जब से पिहानी के सेल्फी प्वाइंट का दिल टूट कर चूर-चूर हो गया। लोगो का कहना है कि नगर पालिका परिषद की अनदेखी की वजह से पिहानी की पहचान का नक्शा बिगड़ता जा रहा है। ऐसा नहीं कि ज़िम्मेदारों को इसकी खबर नहीं, खबर है लेकिन उसी सियासत के सितम की शरारत है, जो उन्हे कुछ अच्छा करने से बार-बार रोक रही है।

### न तो कान सुन रहें है और न देख रहीं हैं आंखें

पिहानी के सेल्फी प्वाइंट की खस्ता हो रही हालत के बारे में सोशल मीडिया पर खूब बातें हुई। इस मुद्दे को फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्स अप पर पूरे ज़ोर-शोर से उठाया गया, खूब शेयर हुआ और कमेंटबाज़ी भी हुई, लेकिन फिर भी जो हाल पहले था, आज भी वही है। ऐसे में कहना गलत नहीं होगा कि न तो कानों को सुनाई दे रहा है और न ही आंखों को दिखाई दे रहा है, तभी तो सबके सब बिल्कुल खामोश है।

### फंदे से लटका मिला महिला का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार की रात हुई घटना में बच्चों ने जब मां का शव फंदे से लटका देखा तो शोर मचाया। जिसके बाद परिजनों को जानकारी हुई। शाहाबाद कोतवाली के हसनापुर निवासी आशीष दिल्ली में नौकरी करता है। उसकी 35 वर्षीय पत्नी निशा, दो बेटियों और एक बेटे के साथ गांव में रहती थी। शनिवार रात खाने के बाद निशा बच्चों के साथ कमरे में चली गई। आधी रात उसके बच्चे चीखते हुए कमरे से बाहर भागे और बदहवाश होकर गिर पड़े। परिजनों व पड़ोसियों ने देखा तो कमरे में महिला का शव फंदे से लटका मिला। रविवार को बेटी की ससुराल पहुंचे पिता पिता आशाराम ने फिलहाल किसी तरह का आरोप नहीं लगाया है।

## एक नजर

### फाइनेंसर नहीं दे रहा किस्तों की रसीद, पुलिस से शिकायत

**सकरन।** सकरन थाना क्षेत्र के देवमन बेलवा मजरा मुर्थना गांव निवासी रामधार ने 28 मई 2021 में तालगांव थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव स्थित जीतामऊ ऑटो सेल्स से एक बजाज प्लैटिना मोटर साइकिल फाइनेंस पर खरीदी थी। रामधार का आरोप है कि उसने पांच किस्तों का 19 हजार रूपया 5 जुलाई 2023 को कम्पनी के फाइनेंसर जीवन यादव को दिया था। जिस पर फाइनेंसर ने उक्त पैसे की रसीद दो दिन के बाद देने की बात कही थी, लेकिन उसके बाद न तो वह पैसा कम्पनी में जमा किया गया और न ही पैसों की रसीद दी गयी। रामधार का आरोप है कि अब फाइनेंसर उसका फोन नहीं उठा रहा है। रामधार ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। एसओ दिग्विजय पांडेय ने बताया तहरीर मिली है मामले की जांच करवाकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी

### पिकअप से खून टपकता देख मचा हड़कंप

**सदरपुर।** सदरपुर कस्बे में पिकअप से खून टपकता देख हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने पिकअप घेरकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों मांस लदी पिकअप को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया तथा लाइसेंस के नियमों का उलंघन करने के आरोप में दोनों पिकअप सीज कर दीं। पशु चिकित्सक द्वारा मांस के सैंपल को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। सदरपुर कस्बे के कुरैसी मोहल्ले में आमिर पुत्र बुद्धू के घर के सामने खड़ी दो पिकअप से खून टपकता देख ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पिकअप को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। पुलिस की सूचना पर थाने पहुंचे पशु चिकित्सक डिप्टी सीवीओ बिसवां डॉ. हरी सिंह ने पिकअप में लगे मांस का परीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही दोनों मांस लदी पिकअप थाने लाई गई और मामले की जानकारी पशु चिकित्सक को दी गई। मांस का सैम्पल जांच के लिए लैब भिजवाया गया है। लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने के आरोप में धारा 188 के तहत दोनों मांस लदे पिकअप सीज कर दिए गए हैं।

### शोक सभा आयोजित

**तम्बौर।** कस्बे के मोहल्ला काजी टोला स्थित छोटी मस्जिद में हजरत मौलाना मोहम्मद अलीम फारूकी साहब के निधन पर शोकसभा का आयोजन कर उन्हे खिराजे अकीदत पेश की गई। शोक सभा में मरहूम मौलाना की दीनी, शैक्षिक और सामाजिक सेवाओं को याद किया गया। जिसमे कारी मोहम्मद सिद्दीक ने कहा की स्व. मौलाना अलीम बेहद मिलनसार और नेकदिल इंसान थे। मुफ्ती मोहम्मद खबीर नदवी ने मौलाना अलीम साहेब से जुड़ी यादों को साझा किया।

# तेंदुए ने किसान पर हमला कर किया घायल

संवाददाता, रेउसा, सीतापुर

▸▸ **सुबह खेत जा रहे किसानों ने तेंदुए को देखकर मचाया शोर**

**अमृत विचार।** रेउसा क्षेत्र के कोंडरी गांव के पास रविवार सुबह खेत में गेहूं काटने गए किसानों ने खेत में एक तेंदुए को देखा। ऐसे में ग्रामीणों ने एकत्र होकर शोर मचाया। जिस पर तेंदुआ भागा और उसने एक किसान पर हमला कर उसे घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घायल को सीएचसी पर भती कराया। टीम ने तेंदुए को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

रेउसा के कोंडरी गांव में रविवार की सुबह किसान अपने खेत जा रहे थे। उसी दौरान उन्होंने राजेश के खेत में तेंदुए को देखा। जिस पर खेत में बैठे तेंदुओं को देखकर ग्रामीणों ने घेरकर हल्ला मचाना शुरू कर दिया। ऐसे में भागते समय तेंदुए ने अधेड़ रामबक्स पुत्र बुद्धा निवासी नारायणपुर हरदोपट्टी को घायल कर दिया। मौके पर पहुंचे वन विभाग के डिप्टी रेंजर आदित्य सिंह ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा में भर्ती कराया। जहां भर्ती किसान की हालत डॉक्टरों ने सामान्य बताई है। वन रेंज अधिकारी आदित्य सिंह ने घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को देने की बात कही और बताया कि टीम के साथ तेंदुए को पकड़ने का कार्य किया जायेगा।

# जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत

**भदफर, सीतापुर, अमृत विचार।** लहरपुर के ग्राम भदफर निवासिनी अंजली तिवारी 32 वर्ष पत्नी अखिलेश तिवारी जिसका पति हरिद्वार में काम करता है और उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। शनिवार देर शाम मृतका अंजली तिवारी का गृह कलह के चलते ससुरालीजनों से विवाद हो गया था। उसी वजह से उसने गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि अभी तक कोई भी तहरीर नहीं दी गई है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# वाहनों से उतारे गये स्टीकर और झंडे

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर



कार से प्रत्याशी का स्टीकर उतारती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत रविवार को नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर फ्लाइंग स्क्वायड टीम एवं एसएसटी टीम ने वाहनों की चेकिंग की और गाड़ियों पर लगे स्टीकर व झंडा उतारे।

फ्लाइंग स्क्वायड टीम के मजिस्ट्रेट हरीश कुमार श्रीवास्तव, उबैस अली उपनिरीक्षक और तेजपाल कैमरामैन एवं एसएसटी टीम के निशीत चतुर्वेदी मजिस्ट्रेट, उपनिरीक्षक विनोद कुमार, आरक्षी राकेश, कैमरामैन लव कुश की टीम ने नगर के बिसवां तिराहा गेट पर आने जाने वाले वाहनों को रोककर अवैध शराब, नगद रुपए, नशीली वस्तुएं व मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली वस्तुओं की तलाशी ली और कई वाहनों पर विभिन्न राजनीतिक दलों के लगे स्टीकर व झडों को हटाया गया, चेकिंग अभियान की भनक लगते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया और चेकिंग से बचने के लिए भारी संख्या में वाहन चालक संपर्क मार्गो से निकल गए।

# जो रोजगार न दे सके, उसे सत्ता में आने का हक नहीं

## बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने की चुनावी जनसभा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



बसपा राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद को माला पहनाते प्रत्याशी व पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने रविवार को बसपा प्रत्याशी के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। जनसभा को सम्बोधित करने के दौरान आकाश आनंद उत्तेजित होते हुए कहा कि कि जो सरकार रोजगार नहीं दे सकती, पढ़ाई नहीं दे सकती, तो ऐसी सरकार का कोई हक नहीं है सत्ता में आने का। ऐसी सरकार का कोई हक नहीं आपके बीच आने का। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग अगर आपके बीच आये तो जूता निकालकर रेडी कर लीजियेगा, क्योंकि वोट की जगह जूता मारने का समय आ गया है इनको। आकाश आनंद के इस बयान पर सामने बैठी जनता ने तालियां बजाकर उनके बयानों का स्वागत किया।

आरआर कॉलेज मैदान में लोकसभा सीतापुर, धौरहरा, मिश्रिख मोहनलालगंज सहित हरदोई और लखीमपुर सीट से बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करने के दौरान भाजपा और सपा पर जमकर हमला बोला। बसपा नेता आकाश आनंद का बसपा नेताओं और प्रत्याशियों ने फूल माला पहनाकर और प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। आकाश आनंद ने जनता का अभिवादन हाथ हिलाकर किया। जनसभा को सम्बोधित करने के दौरान आकाश आनंद के निशारे पर भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार रहीं। उन्होंने कहा कि बसपा अपने किये गये विकास कार्यों के आधार पर जनता से वोट मांगने का काम करती है लेकिन सत्ताधारी पार्टियां हिन्दू मुस्लिम और जाति धर्म के नाम पर गुमराह कर वोट मांगने का काम करती है। प्रदेश की योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की बुलडोजर वाली सरकार गरीबों के घरों को उजाड़ने का काम कर रही है। बसपा सरकार ने महा माया आवास के जरिये गरीबों को घर देने का काम किया था।

### आतंकवादियों की सरकार है भाजपा : आकाश

बसपा नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा की सरकार बुलडोजर की सरकार नहीं ये आतंकवादियों की सरकार है। अपनी आवाम को गुलाम बनाकर रखा है, ऐसी सरकार का अब समय आ गया है खत्म होने का। अगर मेरी बात ज्यादा चुभ गयी होगी तो हमे भाजपा को तालिबान नहीं बोलना चाहिए तो इलेक्शन कमीशन से यह गुजारिश है कि वह नीचे उतर के गांवों-गांवों में देखे कि बहन बेटियां और युवा किस हाल में रह रहा है। रोजगार के मुद्दे पर पीएम मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए आकाश आनंद ने कहा कि बसपा का युवा पकौड़े तलने के लिए डिग्रियां लेकर नहीं बैठा है।

### 30 लाख से ज्यादा सरकारी पद खाली

आकाश आनंद ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र में 30 लाख से ज्यादा सरकारी पद खाली पड़े है। देश में यूपी बुलडोजर में नहीं एनसीआरबी के आकड़ों में अपराधों में नंबर है। आकड़ों को पेश करते हुए आकाश आनंद ने कहा कि प्रदेश में अब तक साढ़े 16 हजार से ज्यादा किडनैपिंग केश दर्ज हुए है। इसके साथ ही 40 प्रतिशत कुपोषण के शिकार बच्चे भी उत्तर प्रदेश की बुलडोजर की सरकार में है। उन्होंने कहा कि यह बुलडोजर की सरकार नहीं गद्दारों की सरकार है।

### पेपर लीक सोची समझी साजिश

भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक मामले पर सरकार को घेरते हुए बसपा नेता आकाश आनंद में कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देना नहीं चाहती है, क्योंकि अगर इन्होने आपको नौकरी दे दी तो बाबा साहब द्वारा आपके हिस्से का आरक्षण इनको देना पढ़ जायेगा। यह सरकार की सोची समझी साजिश है कि बहुजन समाज के लोगों को उनके हक से दूर रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि भारत के जनता कुछ विश्वास करके ही वोट डाला होगा लेकिन जो आपके साथ विश्वासघात करे उस पार्टी को गद्दार कहते है।

# पहले गद्दार और बाद में कह दिया आतंकवादियों की सरकार



बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** रविवार को राजा रघुबर दयाल कॉलेज के ग्राउंड पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद उत्तेजना में आकर कुछ ऐसा बोल गये, जिसके एवज में उन पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया। साथ ही आकाश समेत पांच नामजद व 30-35 अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की गई। विशाल जनसमूह को देख आकाश आनंद ने भाजपा पर जमकर हमला बोला और उसी दौरान वह भावनाओं में बह गये और उन्होंने भाजपा को आतंकवादियों की सरकार बता दिया जो उनके लिए मुसीबत बन गया।

भाषण को भड़काऊ मानते हुये नगर कोतवाली प्रभारी अनूप शुक्ला ने स्वतः संज्ञान लिया और प्रभारी निरीक्षक की तहरीर पर कोतवाली में धारा 171 सी, 153 डी, 188, 505 2, सहित आईटी एक्ट 125 के तहत बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद, सीतापुर लोकसभा प्रत्याशी महेंद्र यादव, धौरहरा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी, लखीमपुर प्रत्याशी अंशय कालरा व बसपा जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी समेत 30-35 लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज किया गया है। बता दें कि बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद सीतापुर के राजा कॉलेज मैदान में प्रत्याशियों के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करने आये थे। उन्होंने भाजपा को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जब वोट मांगने आएं तो जूता तैयार रखना, फिर उन्होंने कहा कि ये गद्दार पार्टी है। आकाश आनंद इतने पर ही नहीं रूके और उन्होंने भाजपा को आतंकवादियों की सरकार बता दिया। हालांकि उनके भाषणों से पार्टी कार्यकताओं व समर्थकों में काफी जोश दिख रहा था।

### रैली के बाद होर्डिंग उखाड़कर ले गये कार्यकर्ता

चुनावी रैली को सम्बोधित करने के बाद जैसी ही मंच से नेताओं का जमावड़ा हटा तो सामने बैठी जनता ने स्वागत में लगे होर्डिंग बैनरों को उखाड़कर अपने साथ ले जाते हुए नजर आई। बैनरों में लगी बल्लियों को पुरुषों और बच्चों के अलावा महिलाएं भी उखाड़कर अपने साथ ले जाती हुई नजर आई है।

# हर वोटर को केंद्र तक भेजने की बूथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी

लहरपुर, सीतापुर

**आयोजन**

▸▸ **केसरीगंज स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर प्रांगण में भाजपा के बूथ अध्यक्षों की हुई बैठक**

अमृत विचार। क्षेत्र के ग्राम केशरीगंज स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर प्रांगण में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्षों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कमल का फूल विकास व खुशहाली की गारंटी है उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास के तहत चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाएं और प्रत्येक बूथ पर भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजई बनाएं।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में सुशासन और विकास हर तरफ नजर आ रहा है। सरकार द्वारा सभी को निःशुल्क राशन दिया जा रहा है। संपूर्ण भारत में आप जहां चाहे वहां राशन ले सकते हैं। गरीबों को निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। हर तरफ विकास की गंगा बह रही है। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि प्रत्येक पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी है जो भी मतदाता गांव से बाहर हैं उनकी सूची बनाकर बूथ अध्यक्ष को दें, बूथ अध्यक्ष जिला कार्यालय को सूची भेज दें ताकि सभी से संपर्क किया जा सके, प्रत्येक बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी है कि वह हर वोटर को बूथ तक भेजें, उन्होंने अपने संबोधन में कहा है कि सभी लोग संकल्प लें। पिछले विधानसभा की हार का बदला व्याज सहित लेंगे, उन्होंने बताया कि आगामी 2 मई को गृहमंत्री अमित शाह लहरपुर आ रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री उदित वाजपेई ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, अजय भार्गव विधानसभा चुनाव प्रभारी, वीरेन्द्र पुरी, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, रामजीवन जायसवाल, ज्ञानेंद्र वर्मा, भगवान दीन त्रिवेदी, मनोज गुप्ता, मुकंदे लाल त्रिवेदी, रामनरेश त्रिवेदी, ईश्वर चंद विद्यासागर, शुभम श्रीवास्तव, प्रधान संघ अध्यक्ष महेश वर्मा सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।


प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह को गणेश की मूर्ति भेंट करते भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा।

# शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

▸▸ **अभियुक्त के विरुद्ध कई थानों में कई मामलों में अभियोग हैं दर्ज**

**सीतापुर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र के निर्देशन में कमलापुर थाना पुलिस टीम ने एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। जिसमें 25 हजार रुपए इनामिया को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

कमलापुर पुलिस ने चेकिंग अभियान के तहत थाना क्षेत्र के सरौरा कला गांव से पश्चिम की और पूर्वी वन खंड जंगल की ओर अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए पच्चीस हजार रुपए इनामिया अपराधी संतोष पुत्र कल्लू निवासी सरौरा कला थाना कमलापुर को गिरफ्तार किया है। घटनास्थल से पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक अवैध शस्त्र सहित तीन अर्धनिर्मित, कारतूस सहित अवैध शस्त्र निर्माण में सहायक उपकरणों को भी बरामद किया है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक कई गंभीर मामलों में अभियुक्त पिछले चार माह से वांछित चल रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीण रंजन ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध थाना कमलापुर, अटरिया, सिधौली व रामपुर कलां में कई अभियोग पूर्व से पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्त पर पूर्व में चोरी, नकबजनी, अवैध शस्त्र, मादक द्रव्य आदि जैसे कई अपराधों में संलिप्तता रह चुकी है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने अभियुक्त को इनामिया घोषित किया गया था।

## सार-संक्षेप

### दो दिनों में आधा दर्जन घरों से लाखों का माल बटोरा


कमरे में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कस्बे में चोरों ने दो दिन में आधा दर्जन घरों को निशाना बना कर लाखों के माल को पार कर दिया। सभी चोरियां एक तरीके से की गईं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। बीती रात चोर दीवार से कमलेश की छत पर चढ़े और घर में उतरकर तीन बक्से उठा ले गए। जिसमें 30 हजार की नकदी और दो लाख के जेवर थे। सुल्तान सिंह के घर में रखे बाक्स में 50 हजार की नकदी तथा दिनेश सिंह के यहां उनकी बहू के जेवर कीमत लगभग ढाई लाख चोरी कर ले गए। रीना के यहां चोर उतरकर बक्सा छत पर उठा कर ले गए। थाना प्रभारी कृष्ण बली सिंह ने मौके पर जाकर जांच की और आसपास के लगे कैमरों के वीडियो फुटेज चेक किये। उन्होंने कहा कि जल्द ही चोरियों का खुलासा किया जाएगा। एक दिन पहले मुन्नन और रामगोपाल गुप्ता के घरों में भी चोरी हुई थी। जिसकी सूचना भी थाना पुलिस को दी गई थी।

### 30 घंटों बाद भी युवक का नहीं लग पाया सुराग


नहर किनारे युवक की तलाश में खड़े ग्रामीण। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुये युवक का 30 घंटों के बाद भी कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नबीनगर निवासी 18 वर्षीय अमरजीत 18 वर्ष पुत्र नेतराम शनिवार सुबह मां द्वारा पैसा न दिए जाने पर घर से नाराज होकर बाइक से निकला था, काफी देर तक वापस न आने पर परिजनों ने जब उसकी तलाश की तो उसकी बाइक शारदा नहर रेगुलेटर के निकट नहर पटरी पर खड़ी हुई पाई गई। नहर पटरी पर बाइक मिलने से परिजन अमरजीत के नहर में कूद जाने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। ऐसे में रविवार को भी परिजनों ने उसकी तलाश नहर के किनारे-किनारे लश्करपुर पुल तक की, लेकिन समाचार लिखे जाने तक गायब नवयुवक का कुछ भी पता नहीं चल सका है।

**अनदेखी** — रोकथाम के लिए जिम्मेदार महमूदाबाद तहसील प्रशासन बना अनजान

# शत्रु संपत्ति पर अतिक्रमण और कब्जा कर किया जा रहा व्यापार



शत्रु संपत्ति पर रखी गई दुकानें। अमृत विचार

**महमूदाबाद, अमृत विचार।** शत्रु संपत्तियों का लेखा-जोखा रखने से लेकर उसकी निगरानी तक में तहसील प्रशासन विफल साबित हो रहा है। तहसील प्रशासन की इसी शिथिल कार्यप्रणाली के चलते ही अवैध कब्जे में फंसी शत्रु संपत्तियों पर अतिक्रमण के साथ ही खेती किसानी का कार्य भी बेखौफ तरीके से चल रहा है।

महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के वार्ड शहजानी में करीब डेढ़ साल पूर्व शत्रु संपत्ति पर मकान बना लेने की शिकायत पर ढहाने की कार्रवाई भी हुई थी। महमूदाबाद तहसील क्षेत्र में आने वाली बरदही बाजार, लखपेड़ा बाग समेत तहसील क्षेत्र के विभिन्न जगहों में तमाम भू संपत्ति व खाली जमीन शत्रु संपत्तियों में दर्ज है। उनकी देखभाल व निगरानी में बढ़ती जा रही उदासीनता व उपेक्षा के चलते गांव क्षेत्र की इन कृषि योग्य जमीनों पर कब्जा कर लोगों ने अवैध अतिक्रमण के साथ ही खेती किसानी करना भी शुरू कर दिया है। लखपेड़ा बाग और नगर की बरदाही बाजार जो कि अभिलेखों में दर्ज शत्रु संपत्ति है। इस पर काफी अतिक्रमण है। हैरत कि बात तो यह है कि बेखौफ लोग यहां मवेशियों की खरीद फरोख्त करते हैं। ऐसे कई अन्य स्थानों पर खाली पड़ी शत्रु संपत्ति की जमीन पर भी बीते कई सालों से खेती की जा रही है। जबकि शहजानी मोहल्ले में खाली जमीनों पर कब्जे के बाद इनकी प्लाटिंग कर मोटी कीमत पर बेचने का धंधा भी तेजी से पनप रहा है। हालांकि कुछ माह पूर्व तत्कालीन एसडीएम महमूदाबाद मिथिलेश त्रिपाठी ने बताया था कि शत्रु संपत्ति में दर्ज भू संपत्तियों व जमीनों का सर्वे कार्य चल रहा है। इसके पूरा होते ही अवैध कब्जेदारों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई तय होगी।

### जिम्मेदारों के नहीं उठते फोन

मामले को लेकर जब एसडीएम शिखा शुक्ला को फोन किया गया तो उनका सीयूजी नंबर नहीं उठा। जिसके बाद तहसीलदार सुरभि रॉय के सीयूजी नंबर पर फोन किया गया तो उनका भी फोन नहीं उठा। हालांकि तहसीलदार का फोन तो यदा-कदा ही उठता है। इससे पहले बंजर की भूमि पर कब्जा कर फसल काटने को लेकर रिकवरी के लिए उपजिलाधिकारी को फोन किया गया था। उस वक्त भी उनका फोन नहीं उठा था।

### सीबीआई ने भी मांगे थे अभिलेख

पुलिस निरीक्षक सीबीआई एसीबी लखनऊ अमित कुमार की ओर से शत्रु संपत्ति के ऐसे खाता संख्या का विवरण भी प्रशासन से तलब किया गया था, जिन्हें पट्टे पर दिया गया है। सूचना में ऐसी संपत्ति को पट्टे पर देने के लिए वार्षिक किराए के निर्धारण के नियम व प्रावधान के साथ ही शत्रु संपत्तियों से प्राप्त आय का भी लेखा-जोखा मांगा गया था। जिला प्रशासन ने इसे लेकर शत्रु संपत्ति मामले की सुप्रीम कोर्ट में पैरवी कर रहे अधिवक्ता अजीत चंद्रा से भी राय मांगी थी।

### डेढ़ वर्ष पूर्व केंद्र से जारी निर्देश अनुपालन अब तक नहीं

जिले में शत्रु संपत्ति के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय की सीईपीआई (भारत के लिए शत्रु संपत्ति का संरक्षक- कस्टोडियन ऑफ इनेमी प्रॉपर्टी फॉर इंडिया) 10 मई 2022 को निर्देश दिए थे कि कृषि योग्य एवं खाली जमीनों को कब्जा मुक्त करें। पुलिस या अन्य किसी सरकारी विभाग के प्रयोग में लाई जाने वाली शत्रु संपत्ति के संबंध में प्रस्ताव भेजें।

## एक नजर

### आज आएंगे प्रसार भारती के अध्यक्ष

**अयोध्या।** प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल 29 अप्रैल को अयोध्या दौरे पर आएंगे। वह अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अयोध्या आएंगे। सहगल लगभग एक बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद राम लला और हनुमानजी के दर्शन के लिए अयोध्या धाम पहुंचेंगे। वह राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्य विमलेंद्र मोहन मिश्रा की पत्नी के त्रयोदशी संस्कार में भाग लेंगे। यह जानकारी उपनिदेशक सूचना मुरलीधर सिंह ने दी।

### खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण का लगेगा कैम्प

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार** : जिले में खाद्य सामग्री बेचने वाले हर व्यापारी को खाद्य विभाग में अब पंजीकरण कराना अनिवार्य हो गया है।खाद्य आयुक्त अयोध्या मानिक चन्द्र सिंह ने बताया कि खाद्य सामग्री जो भी दुकानदार बेचते है वह निर्धारित शुल्क देकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। बाबा बाजार में विभाग की तरफ से पंजीकरण का कैम्प लगाया जाएगा। जिसमे व्यापारी केवल अपना आधार व फ़ोटो लेकर आये और रजिस्ट्रेशन करा सकता है। न कराने वाले दुकानदारों के विरुद्ध अभियान चला नोटिस देकर जुर्माना वसूला जाएगा।

### बाबा बाजार में ट्रांसफार्मर खराब 400 गांवों की बिजली गुल

**मवई, अयोध्या।** रुदौली क्षेत्र अंतर्गत बाबा बाजार विद्युत उपकेंद्र में लगा ट्रांसफार्मर रविवार सुबह तड़के खराब हो गया, जिससे लगभग 400 गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। देर शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। विद्युत कर्मियों द्वारा ट्रांसफार्मर को बनाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं भीषण गर्मी से लोगों को जूझना पड़ रहा है। क्षेत्र के संदीप यादव, सतेंद्र यादव, आलोक सिंह, सर्वेश, राकेश यादव आदि ने कहा कि बिजली न आने से घरों के इलेक्ट्रानिक उपकरण बंद पड़े हैं। जेई वाईके द्विवेदी ने बताया कि ट्रांसफार्मर को बनाने के लिए टीमें कार्य कर रही हैं।

# सामान्य प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

## मातहतों को दिये जरूरी निर्देश


आरएमपी कॉलेज के कक्ष का निरीक्षण करते सामान्य प्रेक्षक। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** सामान्य प्रेक्षक शिव शंकर (आईएएस) ने रविवार को स्ट्रांग रूम व आरएमपी परास्नातक कालेज का आकस्मिक निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पहले स्ट्रांग रूम (ईवीएम) तहसील में बारीकी से निरीक्षण किया और एक-एक तैयारियों की विधिवत जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात प्रेक्षक आरएमपी पीजी कालेज में स्थापित होने वाले स्ट्रांग रूम का गहनता से निरीक्षण कर संबंधित को दरवाजे व खिड़कियों को ठीक करने के निर्देश दिए।

प्रेक्षक ने कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के दृष्टिगत खिड़कियों को सीज कर दिया जाय। शौचालयों के दरवाजे ठीक करा लिये जाये। पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान यातायात बाधित न हो, इसके लिए रुट चार्ट व गाड़ियों को खड़ी करने की तैयारी पहले से सुनिश्चित कर ली जाये।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, उपजिलाधिकारी सदर ज्ञानेंद्र द्विवेदी, उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार, उपजिलाधिकारी पराग माहेश्वरी, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रेक्षकों से नौ से 10 के बीच कर सकते हैं शिकायत व मुलाकात

**सीतापुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 से संबंधित कोई भी व्यक्ति शिकायत अथवा मुलाकात करने हेतु प्रातः 09.00 बजे से 10.00 बजे तक संसदीय क्षेत्र 30 हेतु सामान्य प्रेक्षक शिव शंकर (आईएएस), मो.नं.-7020150970, 9450549949 तथा बेसिक नम्बर-05862- 298857, ग्यारवीं वाहिनी पीएसी सीतापुर के 14 नम्बर क्लब में रूम नं.-2, जिनके लाइजन आफिसर राजीव त्रिपाठी उपनिबन्धक सदर हैं, जिनका मो.नं. 9415575612 है। सामान्य प्रेक्षक सोनिया नैन (आईआरएस), मो.नं.-9896533842, 9452201658 तथा बेसिक नम्बर-05862-298856, रूम नं. 5, जिनके लाइजन आफिसर शालिनी कुमारी जिला खनन अधिकारी हैं, जिनका मो.नं. 8887534839 है। व्यय प्रेक्षक वीएस देशवरन (आईआरएस), मो.नं. 8870014133, 9452028540 तथा बेसिक नम्बर-05862-298853, रूम नं.-4, जिनके लाइजन आफिसर सर्व सिंह चौहान सहायक आबकारी आयुक्त डालमिया डिस्टलरी रामकोट हैं, जिनका मो.नं. 98070776079 है। पुलिस प्रेक्षक डॉ. नीरजा गोटरू राव (आईपीएस), मो.नं.-9978405303, 7839394397 तथा बेसिक नम्बर 05862-298858, रूम नं.-3, जिनके लाइजन आफिसर सौरभ श्रीवास्तव जिला उद्यान अधिकारी सीतापुर हैं, जिनका मो.नं. 7800286736 है, जिनसे सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

**लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 मिश्रिख (32)**

प्रेक्षक (सामान्य) टीवाई. भट्ट, (आईएएस) 32-मिश्रिख लोकसभा (अ.जा.) निर्वाचन क्षेत्र का आगमन दिनांक 23.04.2024 को हो गया है। उन्होंने प्रतिदिन प्रातः 10.00 से 11.00 बजे का समय जनता से मिलने के लिये लोक निर्माण विभाग हरदोई के डाक बंगले पर निर्धारित किया है। उनका मोबाइल नं0 9453502540 है। प्रेक्षक के लाईजनर आफिसर सुषमा( उप निबंधक मिश्रिख) जिनका मो0 नम्बर 9454186824 है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 32 मिश्रिख मे अजॉय कुमार मजूमदार मो0नं0-9453543903 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में व्यय निगरानी से संबंधित शिकायतों के लिए उपरोक्त मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र मिश्रिख-32 पुलिस प्रेक्षक राजेन्द्र सिंह आईपीएस, जिनका मो0 नम्बर 9452836277 व बेसिक नम्बर 05852-297513 है। इनके लाईजनर आफिसर धमेन्द्र कुमार (निरीक्षक) जिनका मो. नम्बर 7007651003 है।

**लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 धौरहरा (29)**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 29-धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी (आईएएस) को नियुक्त किया गया है। एलआरपी स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के सभा कक्ष में आकर मुलाकात कर सकते है। वही मा. ऑब्जर्वर के मोबाइल नंबर 9532608133 पर निर्वाचन के संबंध में संपर्क किया जा सकता है। इनके लाईजनर आफिसर शैलेश (आबकारी निरीक्षक लखीमपुर) जिनका मो0 नम्बर-9451663247 है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-29 धौरहरा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आई.आर.एस. आफिसर सुमित बेसरा हैं। व्यय प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर 9532608140 है। व्यय प्रेक्षक लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह (एलआरपी) के कक्ष संख्या 02 में ठहरे हुए हैं। इच्छुक व्यक्ति प्रातः 10:30 बजे से प्रातः 11:30 बजे तक व्यय प्रेक्षक से मुलाकात कर सकते है। इनके लाईजनर आफिसर कृष्ण कुमार तिवारी (उप निबंधक) इनका मो0 नम्बर 7869252548 है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-29 धौरहरा के लिए अनुप ए शेट्टी आईपीएस है जिनका मो. नम्बर 9480800857 है। इनके लाईजनर आफिसर अशोक है इनका मो0 नम्बर 9125687053 है।

# कलश यात्रा के साथ प्रतिमाओं की मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा

**सीतापुर, अमृत विचार।** शहर के ग्राम नैपालापुर माहौल में शिवराम जानकी मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा हुई। कलश यात्रा के साथ गाजेबाजे के साथ श्रद्धालु प्रतिमाओं की बारात लेकर निकले। जिसके बाद मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिमाओं को मंदिर में विराजित किया गया।

नैपालापुर के विश्वकर्मा मोहल्ले में सोहनलाल विश्वकर्मा ने शिव रामजानकी मंदिर का निर्माण कराया है। इस मंदिर में देवी देवताओं की प्रतिमाओं को स्थापित करने से पहले कलशयात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने सरायन नदी से जल भरकर कलश स्थापित किए। जिसके बाद विधि विधान से प्रतिमाओं की बारात निकाली गई। इस बारात में खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, भाजयुमों के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा श्रद्धालुओं के साथ शामिल हुए। प्रतिमाओं की बारात विभिन्न मंदिरों से होते हुए विश्वकर्मा मोहल्ले में पहुंची। यहां पर पंडित नीरज तिवारी ने मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से प्रतिमाओं को स्थापित कराया। सोहन लाल विश्वकर्मा व माधुरी देवी विश्वकर्मा ने बताया कि मंदिर में भगवान शिव के साथ माता पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिक, राम दरबार में प्रभु श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण व भगवान हनुमान जी को विराजित किया गया है। वहीं भगवान श्री विश्वकर्मा जी की प्रतिमा भी स्थापित की गई। प्रतिमाओं को स्थापित करने के बाद कन्याभोज का आयोजन किया गया। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।

इस मौके पर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, भाजपा के निर्वतमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, कोषाध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, इंदू सिंह चैहान, भाजयुमों के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, प्रधान संघ के अध्यक्ष अवधेश कटियार, सैनिक प्रकोष्ठ के संजय राजवंशी, वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र अग्रवाल, हिमांशु सिंह, अनिल विश्वकर्मा, संदीप श्रीवास्तव, अमित शुक्ला, राजेश मिश्रा, श्याम शुक्ला आदि ने मंदिर में पूजन किया और भंडारे में प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना करने के साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में रंगा नजर आया। इस अवसर पर भाजपा के नगर अध्यक्ष आकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# प्रियंका गांधी की यूपी टॉपर प्राची को सलाह, आलोचकों को दें मुहंतोड़ जवाब

**महमूदाबाद, अमृत विचार।** हाईस्कूल की यूपी टापर सीता बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज महमूदाबाद की छात्रा प्राची निगम को बधाई देने का सिलसिला लगातार चल रहा है। शनिवार की शाम छह बजकर 39 मिनट पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने यूपी टापर प्राची निगम के पिता चंद्र प्रकाश निगम के मोबाइल नंबर पर काल की। प्रियंका गांधी ने प्राची निगम को यूपी टाप करने पर बधाई देते हुए साहस और धैर्य से काम लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तुम्हें घबराना नहीं है, जो लोग तुम्हारी आलोचना कर रहे हैं उन्हें आगे इससे अच्छा मुकाम हासिल कर मुंहतोड़ जवाब देना है। इसके अतिरिक्त दिल्ली के मशहूर शिक्षक, मोटीवेटर, काउंसलर, यूट्यूबर व एंटर प्रेन्योर अवध ओझा ने प्राची निगम के पिता चंद्र प्रकाश निगम के फोन पर काल करके प्राची से बात की और उन्हें दिल्ली आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने फ्लाइट का आने-जाने का टिकट अपनी ओर से भेजने की पेशकश भी की।

# ट्रैक्टर में टकराई बाइक, एक की मौत, दूसरा घायल

**गोसाईगंज, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के शेरवा घाट के मजरे हुसैनपुर निवासी अजय यादव (25) पुत्र कमला यादव शनिवार की देर शाम बाइक से इंद्र बहादुर सिंह को साथ लेकर पौसरा जा रहे थे। रसूलपुर क्षेत्र स्थित अवध मांटेसरी स्कूल के पास बाइक की दाहिने मुड़ रहे चावल कुटाई की मशीन ले जा रहे ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई। हादसे में अजय यादव के सिर में गंभीर चोट आई और इंद्र बहादुर का पैर टूट गया। मौके पर मौजूद राघव सिंह ने परिजनों, एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। एक घंटे बाद भी एंबुलेंस न पहुँचने पर घायलों को वाहन से दर्शननगर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां चार घंटे बाद अजय यादव की मौत हो गई जबकि घायल इंद्र बहादुर का इलाज चल रहा है। पोस्टमार्टम के बाद रविवार दोपहर शव हुसैनपुर गाँव पहुंचा।

# रामलला के समक्ष पांच मिनट तक हाथ जोड़े खड़ी रहीं स्मृति इरानी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट पर नामांकन करने से पहले भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी ने रविवार को रामलला का दर्शन किया। उन्होंने रामलला की वंदना की और विजयीभवः का आशीर्वाद मांगा। इसके बाद हनुमानगढ़ी पर पूजा अर्चना कर मणि रामदास छावनी पहुंचीं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास सहित प्रमुख संत-महंतों का आशीर्वाद लिया।


रामलला के समक्ष हाथ जोड़े खड़ी स्मृति ईरानी।

स्मृति इरानी अमेठी स्थित अपने आवास से सड़क मार्ग से सीधे रामलला के दरबार में पहुंचीं। शीश झुकाया और पांच मिनट तक हाथ जोड़कर रामलला के समक्ष खड़ी रहीं। अपनी भावनाओं को मीडिया से साझा करते हुए कहा कि मैंने श्रीरामलला के चरणों में राष्ट्र की प्रगति, देश के प्रधान सेवक के अच्छे स्वास्थ्य और भारत के वैभव की प्रार्थना की है। हनुमान जी के दरबार में उनके जैसा सेवाभाव मन में हो, ऐसा आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझती हूं कि ऐसे युग में जन्मीं जब रामलला को टेंट से भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित होते हुए देखा। कहा संतों का स्नेह सानिध्य और आशीर्वाद पाकर मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कहा रामलला की करुणा आज हमारे मन को छू रही है और राम भक्तों का यह सबसे बड़ा सौभाग्य है कि अपने प्रभु को भव्य रूप में एक दिव्य मंदिर में देख रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के साथ अयोध्या नगर निगम के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

**▸▸ अमेठी में नामांकन करने से पहले अयोध्या पहुंच साधु-संतों का भी लिया आशीर्वाद**

## छत्तीसगढ़ के राज्यपाल व नीदरलैंड की राजदूत आज आएंगे अयोध्या

**अयोध्या कार्यालय।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और भारत में नीदरलैंड की राजदूत मारिया लूसिया ग्रेनार्ड सोमवार को अयोध्या के दौरे पर आएंगी। यह लोग राम लला के दर्शन और अयोध्या का भ्रमण करेंगे। 30 अप्रैल को मिजोरम के राज्यपाल हरिबाबू कंभमपति भी अयोध्या आएंगे। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल सोमवार को सुबह लगभग 11 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचेंगे। नीदरलैंड की राजदूत लखनऊ से सड़क मार्ग से अयोध्या आएंगी। उनके भी लगभग 11 बजे अयोध्या धाम पहुंचने की संभावना है। मिजोरम के राज्यपाल हरिबाबू कंभमपति 30 अप्रैल को लगभग 11 बजे एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से राम लला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचेंगे।

# ओवरलोड वाहनों से सड़क की सूरत खराब

**सिधौली, अमृत विचार।** सिधौली तहसील के अन्तर्गत ग्राम अलादादपुर में संचालित एक ईंट-भट्ठा में मिट्टी ढुलाई कर रहे वाहनों ने केवल गांव को ही बदसूरत नहीं बनाया, अपितु पक्के सड़क मार्ग की भी दुर्दशा कर दी है। अवैध मिट्टी खनन और ओवरलोड वाहनों ने पूरे क्षेत्र की दशा खराब करके रख दी है। ईंट-भट्ठों के लिए जहां एक तरफ दिन रात खनन करके गांवों में मौत के कुएं तैयार किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर नियमों को ताक पर रखकर दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों ने सड़कों की हालत खराब कर दी है। करोड़ों रुपए से तैयार किया गया बाड़ी मुराहडीह मार्ग जर्जर हो गया है। वाहन ओवरलोडिंग करके खेतों से मिट्टी उठाकर भट्ठे पर ले जाते हैं। जिसके कारण सड़क मार्ग की गिट्टियां उखड़ने लगी है। इसके बाद भी संबंधित अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है।


मार्ग से गुजरता ओवरलोड वाहन।

## सार-संक्षेप


मेधावी बच्चों को सम्मानित करते खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

### खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को किया सम्मानित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : मया ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय जरही में राष्ट्रीय आय व योग्यता आधारित परीक्षा और अटल आवासीय विद्यालय परीक्षा में चयनित होने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका अर्चना चतुर्वेदी ने की। छात्रा नाजिया बेगम, अनुष्का यादव और नैंसी मौर्य को खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह और प्रधानाध्यापिका अर्चना चतुर्वेदी द्वारा सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान अखिलेश सिंह द्वारा बच्चों को अलग से भी पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रतिभाशाली छात्राओं ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा उत्तीर्ण कर माता-पिता और शिक्षकों का मान बढ़ाया है। प्रधानाध्यापिका अर्चना द्विवेदी ने शिक्षकों शर्मिला जायसवाल और सारिका राय दीप कुमार के अथक प्रयासों की सराहना की। शिक्षक नेता अनुज सिंह, गिरिजा सिंह राजेश कुमार, शर्मिला जायसवाल, सारिका राय, दीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

### रिटायर्ड फौजी ने बचाई वृद्धा की जान

**अयोध्या, अमृत विचार** : एक रिटायर्ड फौजी ने मौके की नजाकत को देखते हुए त्वरित प्रयास कर एक वृद्धा की जान बचाई है। मामला अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के रानोपाली क्रासिंग का है। प्रत्यक्षदर्शी अधिवक्ता सुनील कुमार सिंह ने बताया कि अयोध्या धाम से अयोध्या कैंट जाने वाली मेमो ट्रेन को लेकर रानोपाली क्रॉसिंग बंद की गई थी। इस दौरान स्वर्गीय कैलाश पंडा निवासी रानोपाली पंडा टोला की पत्नी करीब 85 वर्षीय वृद्ध व विधवा महिला रेलवे लाइन पार करने लगी, तभी सामने मोड़ पर ट्रेन आती दिखाई पड़ी तो क्रॉसिंग पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। मौके पर मौजूद एक सैन्य वर्दीधारी तत्काल हरकत में आया और वृद्ध महिला को अपनी गोद में उठाकर फुर्ती से पीछे की तरफ कूद गया। भूतपूर्व सैनिक ने अपना नाम सतीश कुमार सिंह निवासी मालीपुर, अखंड नगर, जनपद सुलतानपुर और अयोध्या नगर निगम प्रवर्तन दल में तैनात बताया है। वह 2015 से 2022 तक सरहद पर कश्मीर के जोखिम भरे क्षेत्र में तैनात रह चुका है।

### अग्रवाल भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष बनें आशीष

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : अग्रवाल भवन ट्रस्ट की साधारण व चुनाव सभा ट्रस्ट के नवनिर्मित भवन रघुकुल सदन देवकाली पर हुई, जिसमें वर्ष 2024 से 2027 तक के लिए त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। ट्रस्ट के महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस चुनाव में स्वामी डॉ. सदानंद जी महाराज दिल्ली, प्रेम चंद गोयल इंदौर, विशंभर सरन कोलकाता को ट्रस्ट का संरक्षक बनाया गया। अध्यक्ष पद पर आशीष अग्रवाल, महामंत्री पर अरुण कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद पर अमित केडिया को सर्वसम्मति से चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर संजीव गोयल, ऋषिकेश अग्रवाल व मुकेश अग्रवाल, मंत्री पद पर सीए मनीष अग्रवाल और आशीष अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य के लिए विपिन राम अग्रवाल बैंगलुरु, किशोर गोयल इंदौर, दीनदयाल अग्रवाल, दिनेश चंद अग्रवाल लखनऊ, विशाल मोहन प्रयागराज, अयोध्या से अनिल अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, आकाश अग्रवाल व गौरव अग्रवाल का चुनाव हुआ। चुनाव के पश्चात ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने सभी ट्रस्टी सदस्यों को बधाई देते हुए सभी से सहयोग प्रदान करने की अपील की। बैठक में महेंद्र शर्मा, सुरेंद्र बजाज बैंगलोर सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### सात बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर पाया स्थान


विद्यालय की ओर से सम्मानित किए गए विद्यार्थी। अमृत विचार

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार** : राष्ट्रीय योग्यता व आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में शिक्षा क्षेत्र अमानीगंज स्थित पीएम श्री कंपोजिट स्कूल खंडासा के सात बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर स्थान बनाकर अपना परचम लहराया। विद्यालय परिवार उन्हें सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बजरंग बहादुर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा में चयनित होनहार- बालक बालिकाओं में प्रमुख रूप से छात्रा आस्था 134 ने राष्ट्रीय स्तर पर चौथी रैंक, शाहीन 125 ने 11वीं रैंक, उर्वशी 116 ने 20वीं रैंक, बृजेश 111 ने 25 वीं रैंक, दिवाकर 108 व प्रियंका 106 ने 30 वीं रैंक प्राप्त किया। पीएम श्री कंपोजिट स्कूल खण्डासा के शिक्षकों महेंद्र प्रताप सिंह, विजय शंकर तिवारी, सुनील कुमार दुबे व शिक्षिका पूजा सिंह ने प्रतिदिन एक घंटा अतिरिक्त कक्षा चला कर बच्चों की तैयारी कराई थी।

## हनुमानगढ़ी से दर्शन कर निकले वृद्ध को आया हार्ट अटैक, मौत

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : अयोध्या में सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी पर दर्शन करने के लिए उत्तराखंड के देहरादून स्थित एस एन बाग पठान बाग हरबतपुर विकास नगर से आए 80 वर्षीय जगदीश सिंह रावत की हार्ट अटैक से मौत हो गई। रविवार की दोपहर जगदीश सिंह रावत अपने परिवार के साथ अयोध्या में दर्शन पूजन करने के लिए पहुंचे थे। हनुमान गढ़ी पर दर्शन करने के बाद निकास मार्ग से निकल रहे थे। अचानक से उनके सीने में तेज दर्द उठा और वहीं बैठ गए, जिसके बाद वहां पर तैनात सिपाही ने तबियत खराब होने की सूचना अधिकारियों को दी तो मौके पर पहुंचे राम जन्मभूमि थानाध्यक्ष देवेंद्र पांडे और कटरा चौकी इंचार्ज संदीप सिंह ने उन्हें तत्काल श्रीराम चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, संदीप के मुताबिक जगदीश सिंह खाली पेट दर्शन पूजन कर रहे थे। सुबह से कई बार परिवार के द्वारा जलपान करने का आग्रह किया गया तो उन्होंने दर्शन करने के बाद खाने की बात कही थी। हनुमानगढ़ी से उतरने वक्त सीने में दर्द होने लगा और वहीं पर लेट गए। शव के पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

**▸▸ उत्तराखंड देहरादून के निवासी थे जगदीश अस्पताल में तोड़ा दम**

# समदा झील पर छापा, जाल छोड़ शिकारी भागे

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** रामनगरी के पर्यटन से जुड़ी प्रदेश सरकार की ड्रीम परियोजना सोहावल की समदा झील पक्षी विहार को अपने निशाने पर लेकर मछली और पक्षियों का शिकार करने वालों पर तहसील प्रशासन ने शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है।

रविवार को उपजिला अधिकारी की अगुवाई में राजस्व की टीम ने झील पर छापा मारा तो 12 से ज्यादा शिकारी मौके से अपना जाल कांटा सब छोड़ भाग खड़े हुए। परियोजना में लगाए गए पेड़ पौधों की सिंचाई, सुरक्षा आदि के लिए नियुक्त कर्मी और सुरक्षा कर्मी नदारद मिले। इनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों को उपजिला अधिकारी द्वारा पत्र भेजने की बात कही जा रही है। सुरक्षा और रखरखाव के कर्मचारी मौके से गायब मिले। वन कर्मियों के गैर हाजिर होने पर विभागीय जिम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाते हुए उपजिला अधिकारी ने इनके विरुद्ध कार्रवाई करने की सिफारिश की है। लगभग 65 हेक्टेयर भूमि में पक्षी विहार फैला है।


छापे के दौरान लोगों से पूछताछ करते एसडीएम सोहावल। अमृत विचार

> शिकार के लिए मौके पर मिले जाल एवं कांटा को नष्ट करवाते हुए भविष्य मे ऐसे कृत्य करने वालों पर कार्यवाही के लिए सुरक्षा के कर्मचारियों को तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए गए है। गैर हाजिर मिले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की सिफारिश करते हुए संबंधित विभाग को पत्र भेजा जा रहा है। **-अशोक कुमार सैनी, उप जिला अधिकारी सोहावल**

## पड़ोसी के मकान में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के गोपीनाथपुर निवासी 19 वर्षीय अभिषेक कुमार उर्फ किच्ची पुत्र अमरीश कुमार का शव पड़ोस स्थित मकान में छत के कुंडे से फंदे के सहारे लटका मिला है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वह एक पखवाड़े पूर्व दिल्ली से वापस गांव आया था और तभी से मानसिक रूप से परेशान दिख रहा था। गांव वालों के मुताबिक दलित युवक अभिषेक कुमार ने इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई किया था तथा रोजी रोजगार के लिए दिल्ली चला गया था। अभी उसका विवाह नहीं हुआ था। वह दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था और 15 दिन पहले दिल्ली से आया था। तब से मानसिक रूप से परेशान रहता था। थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि शव को फंदे से उतरवा पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। पुलिस को मौत के कारण की स्पष्ट जानकारी के लिए रिपोर्ट का इंतजार है।

**परेशानी** — कई का कार्यभार बदला, लेकिन सूचना नहीं हुई अपडेट, यहां सेवानिवृत्त और गैर जनपद तबादला अधिकारियों की दिख रही तैनाती

# सावधान! जिला पुलिस की वेबसाइट में है गड़बड़झाला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जनपद पुलिस के अधिकारियों की तैनाती और उनकी पहचान के लिए जिला पुलिस की वेबसाइट पर खोज कर रहे हैं तो सावधान हो जाएं। जिला पुलिस की वेबसाइट पर सूचनाओं को लेकर बड़ा गड़बड़झाला है। विभाग से सेवानिवृत्त ही नहीं गैर जनपद तबादला हुए कई अधिकारियों की जनपद में महत्वपूर्ण पदों पर तैनाती दिख रही है। इतना ही नहीं कइयों का कार्यक्षेत्र भ्रामक दिख रहा है। ऐसा महकमें की ओर से वेबसाइट को अपडेट न किए जाने के चलते है।




| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | RAJENDRA KUMAR GAUTAM | Add SP | SP Protocol/Traffic AYA |
| 5 | ATUL KUMAR SONKAR | Add SP | SP Rural AYA |
| 6 | DR RAJESH TIWARI | Dy. SP | CO Bikapur |
| 7 | PRAMOD KUMAR SINGH YADAV | Dy. SP | CO Traffic |
| 8 | SHAILENDRA SINGH | Dy. SP | CO City |

पुलिस वेबसाइट का स्क्रीन शॉट। अमृत विचार

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह तथा उसके बाद रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सहूलियत के लिए पुलिस विभाग की ओर से जनपद पुलिस की वेबसाइट का जनवरी माह में निर्माण किया गया था। समारोह के पूर्व 14 जनवरी की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगरीय परिवहन सेवा की इलेक्ट्रिक बसों व डिजिटल टूरिस्ट एप के साथ जिला पुलिस की वेबसाइट का शुभारंभ किया था। महकमे की ओर से वेबसाइट पर पुलिस व विभिन्न शाखाओं से जुडी जानकारी के साथ रामनगरी के प्रमुख-मठ-मंदिरों तथा इन तक पहुंचने के मार्ग और खुलने-बंद होने के समय की जानकारी दी गई है। समारोह के दौरान विभाग की ओर से विभिन्न कालम की सूचनओं को अद्यतन किया जाता रहा, लेकिन समारोह संपन्न होने के बाद यह वेबसाइट देखभाल में लापरवाही का शिकार हो गई। वेबसाइट पर कुल 21 अधिकारियों का ब्यौरा लोड किया गया था, लेकिन इनको अद्यतन अपडेट नहीं किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक यातायात व प्रोटोकाल के पद पर तैनात रहे एएसपी राजेंद्र कुमार गौतम का तबादला 22 दिसंबर को डीजीपी के पीआरओ पद पर हुआ था, उनकी जगह वाराणसी के एएसपी अभिसूचना से तबादला होकर आये एपी सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। सीओ परिसर के पद पर तैनात डिप्टी एसपी राकेश कुमार श्रीवास्तव 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए। सीओ अयोध्या रहे एसके गौतम, सीओ ट्रैफिक प्रमोद यादव व सीओ लाइन डा सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी तबादला होकर गैर जिले में ड्यूटी दे रहे हैं। सीओ बीकापुर से डा राजेश तिवारी सीओ ट्रैफिक यलो ज़ोन, सीओ सदर से संदीप कुमार सिंह सीओ हाइवे, सीओ प्रोटोकाल से आशुतोष मिश्र सीओ अयोध्या, सीओ लाइन से आशीष निगम सीओ रुदौली का कार्यभार देख रहे हैं, लेकिन वेबसाइट पर इनकी दो-तीन माह पुरानी तैनाती ही दिख रही है। वेबसाइट का स्टार आफ द मंथ समेत कई कालम अभी तक अपडेट नहीं हुआ है।

### रूटीन पुलिस विज्ञप्ति भी नहीं हो रही अपलोड

वेबसाइट का निर्माण तात्कालिक सूचना प्रदान करने के लिए किया गया था, लेकिन प्राण-प्रतिष्ठा के बाद जिम्मेदारों ने इधर झांकना बंद कर दिया। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद गाहे-बगाहे पुलिस की रूटीन विज्ञप्ति वेबसाइट पर अपलोड की गई, लेकिन यह क्रम 4 अप्रैल के बाद थमा हुआ है। हलांकि वेबसाइट का प्रेस क्लिपिंग और सोशल मीडिया सेक्शन जरूर अपडेट हो रहा है।

